www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–215 । सागर, रविवार, 24 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

राजधानी में दौड़ेंगे छतरपुर के धावक — पृष्ठ 3
▪ नूरजहाँ की आवाज़ अर्से तक ज़िंदा रहेगी
▪ परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों का शाइरः सुभाष पाठक 'ज़िया' — पृष्ठ 4
▪ पीडब्ल्यूडी और नपा के पेंच में जर्जर हुए प्रमुख रास्ते — पृष्ठ 6
मतदान प्रक्रिया को सूक्ष्मता से समझें : कलेक्टर — पृष्ठ 7

### मुख्यमंत्री ने महापंचायत में की कई घोषणाएं

# पथ विक्रेताओं को 1 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा



▪ पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड बनेगा ▪ तहबाजारी से मिलेगी मुक्ति ▪ परिचय पत्र बनेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** पथ विक्रेताओं को स्ट्रीट वेंडर योजना 50 हजार रुपए का बैंक ऋण वापस करने के बाद एक लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने कार्य का निरंतर विस्तार कर सकें। उनसे प्रदेश भर में सड़क पर सामान बेचने वाले पथ विक्रेताओं के पहचान पत्र बनाए जाएंगे, उपयुक्त स्थानों पर स्थान चिन्हित कर हाकर्स कार्नर विकसित करेंगे। उनसे कहीं भी तहबाजारी की वसूली नहीं की जाएगी। ये घोषणा आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाल परेड मैदान पर पथ विक्रेताओं की महापंचायत में कही। उन्होंने कहा है कि पथ विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए प्रदेश में पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ही प्रधानमंत्री स्वनिधि और मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना लागू की गई है। पथ विक्रेता सम्मानपूर्वक आय अर्जित कर आत्म निर्भर बन सकें, उन्हें ऋण मिलने में परेशानी न हो, इस उद्देश्य से ही यह योजनाएं लागू की गई हैं। योजनाओं का लाभ उठाकर पथ विक्रेता अपनी गतिविधियों का विस्तार करें, यही राज्य सरकार का उद्देश्य है। योजना के कई हितग्राहियों की आय अपेक्षा से अधिक बढ़ी है। श्री चौहान ने हर गरीब परिवार को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं क्रियांवित की गई हैं। जो परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना में छूट गए हैं उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना में स्वयं का आवास उपलब्ध कराया जाएगा। बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, परिवारों के बढ़े बिजली के बिल भरवाने की व्यवस्था भी राज्य सरकार द्वारा की गई है।

विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं आवास नीरज मंडलोई तथा अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हितग्राहियों से की चर्चा, व्यंजनों का चखा स्वाद



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महापंचायत में प्रदर्शनी स्थल पर पथ विक्रेता बहन-भाइयों के स्टॉलों पर जाकर उनसे बातचीत की और व्यंजनों का स्वाद चखा और उनसे बातचीत भी की। पर्वत सिंह राजपूत ग्यारह नं. मार्केट के पास यशस्वी टी स्टॉल चलाते हैं, मुख्यमंत्री ने उनके स्टॉल पर जाकर चाय पी, उसका डिजिटल भुगतान कराया और चाय के स्वाद की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जेके रोड पर श्रीराम साबूदाना खिचड़ी सेंटर चलाने वाली सुश्री प्रीति पटेल के स्टाल पर साबूदाना खिचड़ी और नेहरू नगर में ऋषिका मंगोड़ी सेंटर चलाने वाले रवि बगवानिया के स्टाल पर मंगोड़ी का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जहांगीराबाद के विनायक स्व-सहायता समूह, ग्राम सेमरी खुर्द बेरसिया के माँ अम्बे स्व-सहायता समूह, जीरापुर (राजगढ़) की स्ट्रीट वेंडर सुश्री कविता राठोर और रंगई विदिशा के श्री साईं स्व-सहायता समूह के उत्पाद व उनकी मार्केटिंग के संबंध में बातचीत की। हितग्राही श्रीमती प्रियंका जोशी और पिंटू विश्वकर्मा ने अपना अनुभव साझा किया।

## 9 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे-उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-चेन्नई (बारास्ता रेनिगुंटा) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं।

## हमसफर एक्सप्रेस में लगी आग

**वलसाड, एजेंसी।** गुजरात के वलसाड में बड़ी घटना सामने आई है। यहां के छीपवाड में हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के जनरेटर कोच में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग पड़ोस की दूसरी बोगी में फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन रोककर सभी यात्रियों को नीचे उतारा गया। जानकारी के मुताबिक, घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दें कि ट्रेन तिरुचिरापल्ली से श्री गंगानगर जा रही थी। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि तिरुचिरापल्ली-श्री गंगानगर हमसफर एक्सप्रेस में दोपहर 2 बजे के आसपास वलसाड स्टेशन से सूरत की ओर रवाना होने के बाद आग लग गई थी। पुलिस अधीक्षक करणराज वाघेला ने बताया कि प्रथमद्रष्टया शॉर्ट सर्किट के कारण पावर कोच में आग की लपटें उठीं।

## आईएएस अधिकारी दिपांकर का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी दिपांकर श्री ज्ञान का शनिवार को सुबह यहां निधन हो गया। वह ह्दय रोग से पीड़ित थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती थे। श्री ज्ञान इस समय झारखंड भवन में नियुक्त थे। इससे पहले वह केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत आने वाले गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के निदेशक थे। वह केन्द्र और झारखंड सरकार में विभिन्न पदों पर कार्यरत थे। गांधी स्मृति के एक सूत्र ने बताया कि श्री ज्ञान के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है।

### रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक

# एक देश एक चुनाव पर राजनीतिक दलों से ली जाएगी राय



### सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा।

दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितम्बर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। सरकार ने लोकसभा, विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर जल्द से जल्द विचार करने और सिफारिशें देने के लिए दो सितम्बर को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति को अधिसूचित किया था। बैठक को परिचयात्मक बताते हुए इस बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि इसे रोडमैप पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था कि समिति को दिए गए जनादेश को कैसे आगे बढ़ाया जाए।

### विपक्ष ने फैसले पर उठाए थे सवाल

विपक्षी गठबंधन ने इस फैसले को देश के संघीय ढांचे के लिए खतरा करार दिया था। समिति में लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य हैं। समिति संविधान, जनप्रतिनिधित्व कानून और किसी भी अन्य कानून और नियमों में विशिष्ट संशोधनों की जांच और सिफारिश करेगी, जिसमें एक साथ चुनाव कराने के उद्देश्य से संशोधन की आवश्यकता होगी।

# महिला पहलवानों के साथ हुआ गलत : पुलिस

▪ बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर सुनवाई हुई पूरी
▪ सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने दी दलील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यु कोर्ट में शनिवार को सुनवाई पूरी हुई। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने यह दलील दी कि जो साक्ष्य और सबूत मिले हैं वह बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को जब भी मौका मिलता था वह महिला पहलवान की लज्जा भंग करने की कोशिश करते थे। अपनी दलील में दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को पता था वो क्या कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा कि सवाल यह नहीं है कि पीड़ित लड़की ने कोई प्रतिक्रिया दी है या नहीं, सवाल यह है कि उनके साथ गलत किया गया। दिल्ली पुलिस ने मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं के साथ दिल्ली में डब्ल्यूएफआई के दफ्तर में हुई घटना का जिक्र किया और कहा इन शिकायतों का क्षेत्राधिकार दिल्ली में ही बनता है।

दिल्ली पुलिस ने एक महिला पहलवान की शिकायत का जिक्र करते हुए कहा कि तजाकिस्तान में एक इवेंट के दौरान बृजभूषण ने शिकायतकर्ता को कमरे में बुलाया और उसको जबरदस्ती गले लगाया। जब शिकायतकर्ता ने उसका विरोध किया तो बृजभूषण ने कहा कि पिता की तरह व्यवहार किया था, इससे साफ पता चलता है कि बृजभूषण को पता था वह क्या कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस के वकील ने एक दूसरी शिकायतकर्ता की शिकायत का जिक्र करते हुए कहा कि तजाकिस्तान में एशियन चैंपियनशिप के दौरान बिना इजाजत के मेरी शर्ट को ऊपर करके मेरे पेट पर हाथ फेरा और अनुचित तरीके से मुझको छुआ था।




### सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों पर लिया संज्ञान, पूछा-

# आपदा में शवों को कैसे संभालते हैं

### केंद्र से 3 हफ्ते में जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप आपदा की स्थिति में शवों को कैसे संभालते हैं। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान कई रिपोर्ट्स में अस्पतालों की मॉर्चुरी और श्मशान में शवों को खराब तरीके से रखे जाने की बात सामने आई थी। तब कोर्ट ने मामले पर खुद से संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी।

कोर्ट ने मामले को द प्रॉपर ट्रीटमेंट ऑफ कोविड-19 पेशेंट्स एंड डिग्नीफाइड हैंडलिंग ऑफ डेड बॉडीज इन हॉस्पिटल्स (कोविड मरीजों का उचित इलाज और अस्पतालों में शवों का सही रखरखाव) नाम दिया था। मामले की सुनवाई शुरू होने के कुछ दिन बाद एक शख्स ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। उसने दावा किया कोरोना के दौरान ना तो मैंने अपनी मां का चेहरा देखा और ना ही उनका अंतिम संस्कार किया। जबकि सच ये है कि उनकी मौत कोविड-19 से नहीं हुई थी। कोर्ट ने उसकी याचिका को भी इसी मामले में शामिल कर लिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए केंद्र से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। बेंच ने कहा कि सरकार हमें हलफनामा दायर कर बताए कि आपदा और गैर-आपदा काल में शवों को संभालने की प्रक्रिया क्या है। इस मुद्दे पर अब नवंबर में सुनवाई होगी। वकील ने कहा कि मेरी प्रार्थना कोविड और गैर-कोविड समय के लिए शव प्रबंधन प्रोटोकॉल के लिए है। कुछ ऐसा है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि भारत संघ आपदा और गैर-आपदा स्थितियों में शवों के प्रबंधन के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में हस्तक्षेपकर्ता की याचिका के जवाब में तीन सप्ताह की अवधि के भीतर एक हलफनामा दायर करेगा। इसने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए पोस्ट किया। मई में मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि महामारी और गैर-महामारी के समय में शवों के गरिमापूर्ण प्रबंधन के लिए एक समान राष्ट्रीय प्रोटोकॉल की आवश्यकता है।



### अस्पताल पर महिला का शव बदलने का आरोप

सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि मेरे मुवक्किल की मां बदल दी गई और अस्पताल ने उन्हें किसी और की बॉडी दे दी। बेंच ने हस्तक्षेपकर्ता के वकील से कहा कि आपने जो मुद्दा उठाया है, उसका दो-तीन पेज में शॉर्ट नोट बनाकर पेश करें, जिससे हम उसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भेज सकें। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एक पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एकसंक्षिप्त नोट तैयार करने को कहा ताकि अदालत इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के समक्ष रख सके।

### भारत में 27 जनवरी 2020 को मिला था पहला कोरोना केस

कोविड से दुनिया में करीब 70 लाख लोग मारे गए। 30 जनवरी 2020 को इसे ग्लोबल इमरजेंसी डिक्लेयर किया गया था। कोविड से सबसे ज्यादा लोग अमेरिका में मारे गए थे। भारत में इसका पहला केस केरल में 27 जनवरी 2020 को मिला था। शीर्ष अदालत एक स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे महामारी के दौरान स्थापित किया गया था, जब अस्पताल के मुर्दाघरों और कब्रिस्तानों और श्मशान घाटों में पड़े शवों के अनुचित प्रबंधन पर कई रिपोर्टें सामने आई थीं। मामले का शीर्षक 'कोविड-19 मरीजों का उचित उपचार और अस्पतालों में शवों का सम्मानजनक प्रबंधन आदि' है। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि हस्तक्षेपकर्ता की मां के शव की अदला-बदली कर दी गई और अस्पताल ने किसी और का शव उसे सौंप दिया।

# मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने 51 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन किया

## 1170 पीएम आवास स्वीकृति पत्र बांटे, नये कार्य स्वीकृत किए




**मालथौन/बरोदियाकलां, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मालथौन व बरोदिया कलां में पीएम आवास के कुल 1170 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए जिनकी कुल लागत 27.25 करोड़ रुपए है। दोनों कार्यक्रमों में मंत्री श्री सिंह ने आडिएंस में हेंड माईक भेज कर सभी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया और नागरिकों द्वारा बताई गई कमियों पर त्वरित निर्णय लेकर कार्यवाही सुनिश्चित की। मालथौन नगर परिषद के 15 वार्डों में 17.22 करोड़ लागत के 689 पीएम आवासों के स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को वितरित किए। मंत्री श्री सिंह ने मालथौन नगर परिषद में विभिन्न स्थानों पर 11.53 करोड़ की लागत से सीसी रोड, बीटी रोड, बाउंड्री वाल, दूकानें, हॉकर्स जोन और गौशाला के निर्माण कार्य के भूमिपूजन किए। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला का लोकार्पण 30 सितंबर तक हो जाए। मच्छररोधी दवा छिड़काव के लिए फागिंग कराने और पांच वार्डों में कल से ही सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि केटल केचर व्हीकल के साथ अब डाग केचर व्हीकल भी स्वीकृत कर दी गई है। महिला स्व. सहायता समूहों को दूकानें आवंटित करने के निर्देश सीएमओ को दिए। उन्होंने मालथौन बाजार से श्मशान घाट तक रोड निर्माण का कार्य स्वीकृत किया। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बरोदियाकलां नगर परिषद में 481 पीएम आवास हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। स्वीकृत आवासों की लागत 12.025 करोड़ है। इन सभी 481 हितग्राहियों के खातों में 1.1 लाख की किश्त राशि अगले सप्ताह भेज दी जाएगी। सीएमओ को निर्देश दिए कि इन सभी हितग्राहियों की वार्डवार सूची सभी वार्डों में सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए। 4.69 करोड़ की लागत से आडिटोरियम, 3.80 करोड़ से विभिन्न सीसी रोड, 1 करोड़ की लागत से स्ट्रीटलाईट, 85 लाख की लागत से रोड डिवाइडर, 50 लाख की लागत से पेवर्स ब्लाक तथा 39 लाख की लागत से एक अन्य कार्य का भूमिपूजन किया।

मंत्री श्री सिंह ने बताया कि आज वे सेन समाज की धर्मशाला के लिए 25 लाख रुपए, गंभीरिया रोड से बस्ती तक खंभे और लाईट कार्य, चंडी माता की धर्मशाला के लिए 25 लाख की राशि, खटौरा से नीमखेड़ा रोड निर्माण के कार्य स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि आउटसोर्सिंग से कर्मचारी लगाकर वार्डों की सफाई कराएं व कल से ही मच्छर नाशक दवा का मशीनों से छिड़काव कराएं। 25 सितंबर तक सभी छूटे हुए परिवारों को राशन पर्ची तक आवंटित कर दी जाएंगी। भूस्वामित्व अधिकार के पट्टे 2 अक्टूबर तक वितरित किए जाएंगे। मंत्री भूपेंद्र सिंह के विकास कार्यों व संत रविदास मंदिर व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख स्वीकृत करने से प्रभावित होकर अनुसूचित जाति वर्ग तथा ओबीसी वर्ग के अनेक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# मैं पद पर रहूं या न रहूं, किंतु रहली वासियों की सेवा अंतिम सांस तक करता रहूंगा: गोपाल भार्गव

## चोराई से भटुआ टोला कैथ नदी पर पुल का भूमिपूजन



**रहली, देशबन्धु।** गढ़ाकोटा रहली मार्ग पर रानी अवंती बाई खेल मैदान में समारोह पूर्वक चोराई से भटुआ टोला कैथ नदी पर पुल लागत 742.59 लाख का भूमिपूजन एवं वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी मंगल भवन लागत 29 लाख का लोकार्पण मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा किया गया। सेतु निगम व जनपद पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुवात गणेश पूजन से हुई और मंच पर पहुंचकर मंत्री भार्गव ने उपस्थित जनता के बीच पहुंच कर पुष्प वर्षा की अपने उदबोधन में उन्होंने बताया की रहली विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए गोपाल भार्गव के खून की एक-एक बूंद एवं सांस समर्पित है अंतिम सांस तक में उनकी सेवा करता रहूंगा। में पद पर रहूं न रहूं आप की सेवा में कमी नहीं आएगी। कोई भी निर्माण कार्य आज के लिए नहीं बल्कि पीढ़ियों के लिए होते हैं, इसलिए सभी निर्माण कार्य के समय मैं पूरी मॉनिटरिंग करवाता हूं, जिससे सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्मित हो। मप्र सरकार सभी समाजों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। अपनी योजनाओं के माध्यम से लगातार लाभान्वित करने का कार्य कर रही है।

सरकार किसानों, गरीबों, लाड़ली बहनों, लाड़ली लक्ष्मी, छात्र-छात्राओ सहित सभी को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर रही है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि 26 जनवरी 2024 से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि जो अभी 12000 प्राप्त होती है, वह बढ़कर 24000 रुपए की जाएगी। जिससे कि हमारे किसान अपना खेती का धंधा दुगना कर सकेंगे। उन्होंने सभी समाजों के व्यक्तियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देने के लिए कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाएं में शामिल कराए। गोपाल भार्गव हमेशा सहयोग करेगा। इस अवसर पर इंद्रपाल सिंह लोधी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुरेश कपास्या, रामस्वरूप राजपूत, तृप्ति बाबू सिंह, मेहताब सिंह, रानी कुशवाहा, देवराज लोधी, कृष्णा कुमारी बुंदेला, तुलसा बाई लोधी, लोक निर्माण विभाग सेतु के कार्यपालन यंत्री पीएस पंथ और अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## इंद्रिय संयम और वाणी संयम का पालन करो: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** संयम रहित जीवन मुर्दे के श्रृंगार के सामान अप्रयोजनीय है। चारों ओर पंचेंद्रीय के विषय रूपी लंपटी चोर घूम रहे हैं इसलिए षटकाय जीवो की रक्षा करो यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने उत्तम संयम धर्म पर अपने प्रवचन के दौरान श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में कहीं, मुनिश्री ने कहा पंच इंद्रिय और मन को वश में करो। यही उत्तम संयम धर्म है। इंद्रिय संयम और वाणी संयम का पालन करो। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा भोग की अति और त्याग की अति से ऊपर उठ जाना मध्यम मार्ग को स्वीकार करना, ना अत्यधिक विषयों में आसक्ति हो, ना पूर्ण विरक्ती हो, यही संयम है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की सुबह प्रात: काल में श्री का अभिषेक एवं शांति धारा करने का सौभाग्य सुकुमाल जैन, संजय ईशान दिवाकर आदि परिवारो को प्राप्त हुआ। दोपहर में तत्वार्थ सूत्र वाचन, व्याख्या एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अपार भीड़ उमड रही है। पुरस्कार वितरण विमल विलनी डीके जैन, जिनेश बहरोल, डॉ. हीरालाल जैन, केसी जैन, श्रेयांश सेठ ने वितरित किये।

# छलपूर्वक धमकाकर नवयुवक से हड़पे नगदी एवं जेवरात का पर्दाफाश तीन आरोपी गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** कैंट थाना पुलिस ने 12.50 लाख रुपए की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ठगी के गहने फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर लोन ले ली थी। वहीं नकद रुपए सागर और इंदौर में पार्टी कर खर्च करना बताया है। मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार फरियादी तेजश राठौर निवासी सदर बाजार ने थाने में धोखाधड़ी की शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले सीनियर आरोपी मिहिर यादव ने अपने साथी संभव दुबे के साथ मिलकर रुपए डबल करने का लालच देकर ठगी की थी। पांच महीनों में उसने आरोपियों को 12.50 लाख रुपए दी। साथ ही घर के गहने भी दे दिए थे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। आरोपियों की तलाश शुरू की गई। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी मिहिर पुत्र मनीभूषण कुमार यादव उम्र 18 साल निवासी श्रीराम कालोनी, संभव पुत्र प्रेमशंकर दुबे उम्र 18 साल निवासी रमझिरिया और छोटू उर्फ रमन उर्फसिवनव पुत्र गोविंद बख्सी उम्र 24 साल निवासी झंडा चौक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों के कब्जे से सोने के जेवरात कुल वजनी 174 ग्राम के कीमती दस लाख रुपए जब्त किए गए। आरोपी छोटू उर्फ रमन ने एक सोने की चेन आईआईएफएल कंपनी में जमा कर गोल्ड लोन लिया था जो कंपनी से बरामद किया गया। आरोपी संभव दुबे से एक सोने की चेनए आरोपी मिहिर से 9 नग सोने की अगूंठी, एक सोने का हार, एक जोड़ कान की बाली, एक सोने की चेन बरामद की गई। वहीं नकद रुपयों के संबंध में पूछताछ में आरोपी मिहिर यादव ने करीब पांच लाख रुपए अपने पिता को देना बताया। जिसमें बैंक अकाउंट की जांच की जा रही है। करीब पांच से छह लाख रुपए दोस्तों के साथ घूमने व सागर और इंदौर में पार्टी देने में खर्च होना बताया है।

## राधाष्टमी पर भजन संध्या आयोजित

**राहतगढ़, देशबन्धु।** राधाष्टमी पर राधा कृष्ण मंदिरो में श्रद्धालुओं की धूम रही। नगर के श्यामलिया सरकार मंदिर, बिहारी जी सरकार मंदिर, राघव जी मंदिर, टेकरीधाम मंदिर में विशेष साथ सजा की गई। वही नगर के शिवकांत चौरसिया के



निवास पर प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी राधाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राधारानी का दरबार लगा। सुंदरकांड पाठ के बाद क्षेत्रीय भजन गायको ने राधाकृष्ण भजनों की रंगारंग प्रस्तुति देर रात तक दी। इस दौरान श्रद्धालु जमकर नाचे। इस मौके पर नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## नपा मकरोनिया में पथ विक्रेताओं को ऋण पत्रक का वितरण किया गया




**मकरोनिया, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में दशहरा मैदान भोपाल में मुख्यमंत्री पथ विक्रेता ऋण योजना अंतर्गत 60 हजार हितग्राहियो, पथ विक्रेताओं को 95 करोड़ का ऋण का वितरण किया गया। जिसका लाइव प्रसारण नगर पालिका मकरोनिया में दिखाया गया। लगभग 40 हितग्राही को ऋण पत्रक का वितरण किया गया जिसमे 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार के हितग्राही शामिल है। नपा अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार ने सभी को बधाई दी की और कहा कि आप सभी इन पैसों का सदुपयोग करे। आप जो भी व्यापार दुकान खोलना चाहते उसकी शुरुवात करे। नगर पालिका की पूरी परिषद आप सभी के साथ है शासन की प्रत्येक योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुचाना हमारा उदेश्य है। इस अवसर पर बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, राजा रिछारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता केलासिया, श्वेता साहू, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## महापौर ने पथ विक्रेताओं के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा



**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के महासम्मेलन को संबोधित किया और लाभार्थियों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों से संवाद किया और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया। नगर निगम द्वारा इस कार्यक्रम सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था निगम सभाकक्ष में की गई थी जिसमें महापौर संगीता तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला एवं पार्षदों की उपस्थिति में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और मुख्य कार्यक्रम के साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों सांकेतिक रूप हितलाभ से लाभान्वित किया। इस मौके पर महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के समस्त शहरी एवं ग्रामीण पथविक्रेताओं को संबोधित किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री द्वारा पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर के पथविक्रेताओं को योजना का लाभ दिलाने हेतु पं. मोतीलाल स्कूल में सुविधा केन्द्र संचालित किया गया है जिसमें पथविक्रेताओं के पंजीयन एवं नि:शुल्क आवेदन भरे जा हे है। शहर के लगभग 9849 पथविक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना के प्रथम चरण में 10 हजार रूपये, द्वितीय चरण में 6695 पथविक्रेताओं को 20 हजार रूपये एवं तृतीय चरण में 1377 पथविक्रेताओं को 50 हजार रूपये की राशि से स्वयं का व्यवसाय स्थापित एवं बढ़ाने हेतु लाभान्वित किया गया है। इस अवसर पर पार्षद, नगर निगम के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पथविक्रेता के हितग्राही उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री राधाष्टमी महामहोत्सव





**सागर, देशबन्धु।** श्री गौर गोविन्द मंदिर रविशंकर वार्ड में बड़े धूमधाम से राधाष्टमी महामहोत्सव मनाया गया। जिसमें प्रात: प्रभातफेरी अभिषेक श्री राधारानी का प्रेमभक्ति चन्द्रिका का पाठ एवं तत्व विवेचना 12 बजे, श्री जी का प्राकट्य महाआरती दर्शन बधाईगान संतो द्वारा राधा तत्व पर अपने विचार प्रगट किये, पं.रसिक बिहारी भगवताचार्य द्वारा व्याख्या की बिना राधा के कृष्ण की प्राप्ति नहीं होती क्योंकि राधा ही महाभाव है प्रेम स्वरूपा भगवान की अल्हादनी सकती है जो श्री कृष्ण को भी आनंद प्रदान करती है। कृष्ण राज है तो राधारानी रस है। बिना रस के रसराज रसिक नहीं हैं जिस प्रकार बिना धन के व्यक्ति धनी नहीं है राधा नाम से श्री कृष्ण वशीभूत हो जाते है, राधा कहने के बाद शेष तत्व नहीं रह जाता। महोत्सव में दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ राधारानी का प्राक्टय दर्शन का आनंद भक्तों ने उठाया तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से नगर संकीर्तन शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग बड़ा बाजार, कटरा बाजार, राहतगढ़ बस स्टेंड होते हुए आदर्श गार्डन में राधा-राधा गूंज के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में झांकिया और गोपियों द्वारा उड़ीसी नृत्य आकर्षण का केंद्र बनी रही। झांकियों में वकासुर बध, जगन्नाथ जी का स्वरूप, राधारानी का कमल पर प्राक्टय, श्रृंगार वट पर विशेष इमली तला की लीला जिसमें राधारानी का श्रृंगार इमली के वृक्ष के नीचे महावर लगाने पर एक पकी इमली गिरने से राधारानी का महावर फैल गया तब से आज तक वृज चौरासी कोस में इमली पकती नहीं है जैसी झांकियों नें भक्तों के मन में भक्ति के साथ-साथ उमंग व उत्साह का संचार कर दिया। संकीर्तन के साथ शोभायात्रा में उड़ीसी नृत्य नें नगर को भक्ति से भाव भिवोर कर दिया। ऐसी परम्परा हैं कि रथ यात्रा के समय जगन्नाथ जी मंदिर से रथ पर विराजमान होते है। तो उस समय भक्त इसी उड़ीसी नृत्य से उनकी अगवानी करते है। इसके साथ-साथ अनेक टोलियों ने विभिन्न नृत्य की प्रस्तुतियां दी। भापेल, कर्रापुर, छापरी, केथौरा, रतौना, बदौना, बंडा, सोमला, कनेरा, कंदारी, दमोह जैसे दूर-दूर से आयी हुई मंडलियों एवं राधे-राधे संकीर्तन मंडल सागर ने राधे-राधे संकीर्तन से नगर को बृज जैसा भक्ति रस प्रदान किया। श्री गौर गोविंद मंदिर के इस राधाष्टमी पर्व का समापन भंडारा एवं सभी के प्रति धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुआ।

## भारतीय संस्कृति के संरक्षण में हिंदी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है: प्रो. सरोज गुप्ता



**सागर, देशबन्धु।** विगत वर्षों कोरोना ने आम आदमी को झंझकोर कर रख दिया था यह उसके समझ के बाहर था कि वह अपनी मूल धारा में कैसे सम्मिलित हो तब ही बुंदेलखंड की साहित्यिक इकाई जो हमेशा अपने संघर्ष के लिए जानी जाती है उस बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच में अपने साथियों के साथ हम नकारात्मकता को त्यागकर, सकारात्मक का सृजन करेंगे और विगत 30 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ 175 वीं साप्ताहिक गोष्टी संयोजक मणीकांत चौबे के संयोजकत्व तथा प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. डॉ. सरोज गुप्ता की अध्यक्षता में श्रेष्ठ काव्य धारा प्रवाहित हुई। गोष्ठी के पूर्व संचालक डॉ. नलिन जैन ने संचालन शुरू करते हुए ख्यातनाम कवियित्री सुनीला सराफ को वंदना के लिए आमंत्रित किया और गोष्ठी प्रारंभ हुई। अध्यक्ष डॉ. सरोज गुप्ता ने हिंदी भाषा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी भाषा अत्यंत समृद्ध भाषा है, सारे विश्व में परचम लहरा रही है, भारतीय संस्कृति के संरक्षण में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। चंद्रयान 3 की सफलता पर काव्य पाठ करते हुए कहा कल रात मैंने सपने में देखा, आकाश की ओर बढे जा रहे हैं हम। अनगिनत सीढ़ियां चढे जा रहे हैं हम। बहुत व्यापक विशाल है आकाश, सप्तरंगी चमक से आलोकित है आकाश। इस गोष्ठी में संयोजक मणीकांत चौबे ने सर्व के सुख शांति पूर्ण जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा आज मनुष्य केवल अपने स्वार्थ पूर्ति में मगन है, और इस हेतु अनैतिक कर्म भी कर गुजरने को तत्पर है। साहित्यकार, समाज के पथ दर्शक के रूप में एकता, भाईचारा, समरसता, सौहार्द के भाव, आमजन में जगाने हेतु सक्षम हैं। काव्य पाठ करते हुए कहा पथिक तुझे चलना है, जीवन के अंतिम क्षण तक। गंतव्य के मूल पथ तक, अनवरत संघर्ष करना है, पथिक तुझे अनवरत चलना है। इस गोष्ठी में विभिन्न प्रांतो से आमंत्रित कवियो ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया और गोष्ठी के संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज ने आभार व्यक्त किया।

## विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते नौजवान युवक की गई जान



**रहली, देशबन्धु।** कालेज ग्राउंड में शनिवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्तो के साथ ग्राउंड में खेल रहा था और थक कर बैठा था तभी उसका हाथ ग्राउंड में टूट कर गिरे 11 केवी लाइन के तार पर पड़ गया और युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक हर्ष पिता खेत सिंह लोधी उम्र 16 साल निवासी डूंगरिया मुहली अनंतपुरा थाना देवरी का रहने वाला है। 2 साल से रहली के सीएम राइस शासकीय स्कूल में पढ़ाई कर रहा है वह अपने परिवार में एक भाई एक बहन थी। मृतक के दोस्तो ने बताया की हम लोग साथ में खेल रहे थे अचानक हर्ष के चिल्लाने की आवाज आई जाकर देखा तो वह छटपटा रहा था हम लोग भी घबड़ा गए और राहगीरों को बुलाया नौजवानों ने अपनी टी शर्ट उतार कर दूर से पैर में फंसा कर खींच तब तक उसने दम तोड़ दिया था बता दे की इस खेल परिसर ग्राउंड में करीब 4 से 5 दर्जन लोग रोजाना खेलकूद के लिए आते है, तो कुछ युवक पुलिस, आर्मी अन्य परीक्षा भर्ती की तैयारी करने इस मैदान में आते हैं खेलकूद करने वाले युवकों ने बताया कि यह तार तीन-चार दिन से टूटा पड़ा है इसकी शिकायत भी विद्युत विभाग को कर चुके हैं लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते आज यह बड़ी दुर्घटना घट गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

### नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण आज

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण आज सुबह 9 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 नि:शुल्क शतरंज खेला जायेगा और प्रशिक्षण इंजी. छतर सिंह राजपूत, जल संसाधन विभाग के मुख्य आतिथ्य, आरसीसी बहेरिया के अध्यक्ष फिडे ऑर्बिटर, इंजी. अंकुर सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम के द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

# जनता ने किया अपनी पसंद का इजहार, फिर इस बार भाजपा सरकार: प्रहलाद पटेल



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा ने अपने काम का लेखाजोखा जनता के सामने प्रस्तुत करने और जनता से आशीर्वाद प्राप्त करने की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी जन आशीर्वाद यात्राओं का आयोजन किया था। इन यात्राओं की शुरुआत के लिए पार्टी ने भगवान श्रीराम की नगरी चित्रकूट को चुना था। शेष 4 यात्राएं प्रदेश के अन्य 4 अंचलों नीमच, मंडला, श्योपुर और खंडवा से शुरू हुई। प्रदेश की जनता ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि इस बार फिर देश-प्रदेश में भाजपा की ही पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रहलाद पटेल ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्राओं के माध्यम से हम प्रदेश के 51 जिलों के 210 विधानसभाओं तक पहुंचे और 25 लाख से अधिक मतदाताओं से सीधा संवाद किया।

इस दौरान मप्र भाजपा परिवार में करीब 14 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। उन्होने कहा कि एमपी के मन में मोदी क्यों हैं, वो भी जानना जरूरी है। मोदी जी ने प्रदेश को नर्मदा एक्सप्रेस वे दिया है, चंबल एक्सप्रेस वे दिया है, प्रदेश के रेलवे स्टेशनों व हवाई अड्डों का विकास हुआ है, पीएम श्री स्कूल खोले गए हैं, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर का विकास सुनिश्चित किया है। हाल ही में बीपीसीएल के नए प्लांट की नींव रखी है। आज हर गरीब के घर का सपना साकार हुआ है। आज देश में कहीं भी महिला सशक्तिकरण की बात होती है तो पहले केंद्र की मोदी सरकार लोगों को याद आती है और उसके बाद मप्र की भाजपा सरकार का नाम आता है। भाजपा सरकार ने अपने लक्ष्यों में महिला सशक्तिकरण को हमेशा से ही प्राथमिकता दी है। जिस प्रकार देश की सरकार महिलाओं के लिए कार्य कर रही है उसी प्रकार प्रदेश की भाजपा सरकार भी महिला उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। जन आशीर्वाद यात्राओं के दौरान मिले जनता के आशीर्वाद से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा सरकार बनेगी, फिर कमल खिलेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि कमलनाथ सरकार में छिंदवाड़ा में एक सिंचाई परियोजना में ठेकेदार कंपनी मोंटेना को 550 करोड़ रुपए का एडवांस भुगतान कर दिया। इसकी जानकारी मेने पीएमओ को दी। राशि लेने के बाद भी वहा काम नही हुआ। एक ईंट भी नही लगी। दावा किया कि वह राशि मैंने सरकार को वापस दिलाई। उन्होंने कहा कि उसकी जांच हुई है पैसा भी वापिस हुआ है। पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, सांसद राजबहादुर सिंह, महापौर संगीता तिवारी, जिला महामंत्री श्याम तिवारी, पार्षद शैलेंद्र ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, सह मीडिया प्रभारी आलोक केशरवानी उपस्थित रहें।

## सार समाचार

### हनुमान मंदिर में जल रही अखंड ज्योति

**छतरपुर, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बंधी कला में स्थित पटिया के हनुमान जी मंदिर में पिछले दो दशक से अखंड ज्योति जल रही है, इसके साथ ही मंदिर में हर पूर्णिमा को अखंड रामधुन का आयोजन भी किया जाता है। मंदिर के पुजारी संत धनीरामदास महाराज ने बताया कि अखंड ज्योति और रामधुन जैसे समस्त आयोजन मंदिर परिसर में धर्मप्रेमियों के सहयोग से होते हैं। उन्होंने अन्य लोगों से अपील की है कि वे भी उक्त धार्मिक आयोजनों में सहयोग कर पुण्यलाभ अर्जित करें। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में यज्ञशाला का निर्माण भी जनसहयोग से किया जा रहा है जिसमें इच्छुक लोग सहयोग कर सकते हैं।

### तेज रफ्तार कार ने वृद्ध को रौंदा, मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार की सुबह टहलने के लिए घर से निकले एक सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर को हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र की शांति नगर कॉलोनी निवासी पंजाब बैंक के सेवा निवृत्त मैनेजर लक्ष्मीनारायण ताम्रकार उम्र 72 वर्ष अपने घर से टहलने के लिए निकले थे। वे सागर रोड पर हाईवे के किनारे पैदल चल रहे थे तभी परिहार मार्केट के पास एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि लक्ष्मीनारायण ताम्रकार कई फिट ऊपर उछलकर जमीन पर गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से जुड़ा सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। कार चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया था। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी वीडियो के आधार पर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### 7 दिवसीय राम कथा का आयोजन 30 से

**छतरपुर, देशबन्धु।** आने वाली 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक शहर के श्री रामचरितमानस प्रांगण गल्ला मंडी में सात दिवसीय राम कथा का आयोजन राम कथा प्रिय मानस गंगा समारोह समिति के तत्वधान में किया जा रहा है। आयोजन समिति की ओर से समाजसेवी प्रवीण गुप्त ने बताया कि राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत श्री नृत्यगोपाल दास महाराज अयोध्या की शिष्या श्रीमहंत साध्वी डॉ. प्रज्ञा भारती श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से सात दिनों तक राम कथा का रसस्वादन कराया जाएगा। उन्होंने संपूर्ण शहरवासियों से शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को दोपहर 2 बजे लाल कड़क्का मंदिर से गल्ला मंडी तक विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी और 7 अक्टूबर को विशाल भंडारे के साथ राम कथा के आयोजन का समापन होगा।

# राजधानी में दौड़ेंगे छतरपुर के धावक




**छतरपुर, देशबन्धु।** युवाओं के बीच एच.आई.वी./एड्स के प्रति व्यापक जन जागरूकता हेतु छतरपुर में विगत 16 सितम्बर को सात कि.मी. की मैराथन दौड़ का सफल आयोजन किया गया था। अब 24 सितंबर को भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय मैराथन में सहभागिता हेतु महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर का चयनित दल शनिवार को छतरपुर से भोपाल के लिए विश्वविद्यालय कार्यक्रम प्रभारी भारती सिंह दल प्रभारी के साथ रवाना हुआ। इस दल में मैराथन में चयनित प्रतिभागी प्रथम रहे रवि अहिरवार, द्वितीय रहीं शोभा अहिरवार, तृतीय रहे रवि कुशवाहा, राहुल अहिरवार, कैलाश कुशवाहा, रुद्र प्रताप सिंह, सचिन यादव, ब्रजेश अहिरवार, नेहा मराबी, मालती पटेल सम्मिलित हैं। कुलपति प्रो शुभा तिवारी एवं विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ बहादुर सिंह परमार ने अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने हेतु धावकों को आशीर्वाद प्रदान किया है। इस मौके पर शिवम् सुल्लेरे, वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपक कुशवाहा व संजय रजक उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में आयोजित हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता (पु.) वर्ग



**राजनगर, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय राजनगर में म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 22.09.2023 को जिला स्तरीय बैडमिंटन (पु.) वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. एल.एल. कोरी अग्रणी प्राचार्य शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय छतरपुर के मार्गदर्शन में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बी.पी. सिंह गौर संचालक क्रीड़ा विभाग यूटीडी छतरपुर की उपस्थिति में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 6 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर विजेता रही और यूटीडी छतरपुर उपविजेता बनी। प्रेक्षक के रूप में डॉ. आलोक चौरसिया प्राचार्य राजा बलवन्त सिंह महावि. राजनगर उपस्थिति रहे। विजेता उपविजेता टीमों को डॉ. बी.पी. सिंह गौर संचालक क्रीड़ा विभाग यूटीडी छतरपुर द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ सहित छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

# 2 दिग्गज नेताओं के समर्थक आपस में भिड़े



**छतरपुर, देशबन्धु।** बीते रोज जिले में पहुंची कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रा के दौरान कांग्रेस के ही दो दिग्गज नेताओं के समर्थक आपस में भिड़ गए। बताया गया है कि जनआक्रोश यात्रा की जनसभा राजनगर में चल रही थी इसी दौरान राजनगर विधायक विक्रम सिंह नातीराजा और पूर्व विधायक मुन्ना राजा के समर्थक आपस में भिड़ गए। हालांकि इस विवाद की शिकायत थाने तक नहीं पहुंची है, लेकिन समर्थकों की भिड़ंत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के साथ-साथ चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्रों की मानें तो पूर्व विधायक मुन्ना राजा के समर्थक जनसभा के दौरान तख्तियां दिखाकर मुन्ना राजा को टिकिट देने की मांग कर रहे थे साथ ही नातीराजा के कार्यकाल पर सवाल खड़े कर रहे थे, जिसके बाद नातीराजा के समर्थक भी उग्र हो गए थे।

## बच्चों के विवाद पर की मारपीट



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के नौगांव शहर में बीते रोज दो बच्चों का आपस में विवाद हो गया जिसके बाद एक बच्चे के पिता ने रात के वक्त अपने पड़ोसी के घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने नौगांव थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। शनिवार को पीड़ित परिवार ने एसपी ऑफिस में आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।

नौगांव के वार्ड नंबर 18 की निवासी सुमन राजपूत ने बताया कि बीती शाम उसके पुत्र प्रिंस का किसी बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले आजाद खान के पुत्र मुन्ना से मामूली झगड़ा हो गया था। इसके बाद रात के वक्त आजाद खान ने अपने साथी कल्लू और पत्नी रेहाना के साथ सुमन राजपूत के घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। सुमन के मुताबिक उसने नौगांव थाने में शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की इसलिए अब वह पुलिस अधीक्षक के पास आई है।

# शहर की गलियों में निकले ग्वाले, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा



**छतरपुर, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शनिवार को यादव महासभा द्वारा जिला मुख्यालय पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले मेला ग्राउंड में जिले भर से समाज के लोग एकत्रित हुए, तदुपरांत यादव महासभा के प्रदेशाध्ययक्ष जगदीश यादव तथा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव के नेतृत्व में शोभायात्रा छत्रसाल चौक, महल तिराहा, चौक बाजार, हटवारा होते हुए बस स्टैंड पहुंचकर जनसभा में तब्दील हो गई।

शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां और ग्वाल-बालों का मटकीफोड़ कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और जलपान कराकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि भले ही भगवान श्रीकृष्ण यदुवंशी रहे हों लेकिन संपूर्ण विश्व में सभी धर्मों के लोग उनकी आराधना करते हैं और यही कारण है कि आज के इस कार्यक्रम में न सिर्फ यादव समाज बल्कि जिले भर से हर समाज के लोग शामिल हुए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में शहरवासी, जिलेवासी, भाजपा नेता और समाज के लोग शामिल हुए।

## बुन्देली व्यंजन एवं उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा

**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जिला पंचायत परिसर छतरपुर में लगाए गए छतरपुर हाट का शुभारंभ शनिवार को कलेक्टर संदीप जी.आर. ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार सहित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने हाट में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉल पर पहुंचकर अवलोकन किया एवं खरीददारी भी की। कलेक्टर ने महिलाओं द्वारा निर्मित स्थानीय देशी उत्पादों एवं बुंदेली व्यंजनों की सराहना की। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि छतरपुर हाट में आए और खरीददारी कर जिले के प्रोडक्ट्स को प्रमोट करें।

प्रदेश में 10 हजार 108 स्व सहायता समूहों में एक लाख से अधिक महिलाएं संगठित हैं। जो विभिन्न आय मूलक गतिविधियों में संलग्न हैं। महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को बाजार से जोड़ने एवं व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चार दिवसीय 26 सितंबर तक छतरपुर हाट का आयोजन किया जा रहा।मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्याम गौतम ने बताया कि, हाट में हस्त शिल्प, वुडन आर्ट, मृदा शिल्प, हैण्डलूम वस्त्र, रेडीमेड गारमेंण्ट सहित खाद्य तेल, दलिया, अचार, बड़ी, पापड़, समस्त प्रकार की दालें, हांथ की दलीं दालें, आंवला उत्पाद सहित अन्य सौ से अधिक उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध हैं। हाट में प्रतिदिन सायं 7 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले सकते हैं। हाट में देशी, बुंदेली व्यंजनों जैसे बिरचुन, डुबरी, महुआ, बरफी, चीला, मालपुआ, मुगौड़ी, दही बड़ा, सतुआ, अंकुरित अनाज, दूध जलेबी और कुल्हण चाय का फूड कोर्ट भी लगाया गया है। बच्चों के लिए मिकी माउस और जम्पिंग जैक जैसे आयटम और महिलाओं के लिए लाइव मेंहदी, टैटू, सेल्फी प्वाइंट, फोटो बूथ जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

# जैन मुनियो के मंगल प्रवचन के मनाया गया उत्तम सत्य धर्म



**छतरपुर, देशबन्धु।** जैन धर्मावलंबियों के दस दिवसीय पर्वराज पर्युषण नगर में विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ धूमधाम से मनाया जारहा है। नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री विलोक सागर जी एवं मुनि श्री विबोध सागर जी प्रतिदिन दस धर्मों पर अपने मंगल प्रवचन दे रहे हैं।

डा सुमति प्रकाश जैन के अनुसार धर्म के दस लक्षण उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आजर्व, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन एवं उत्तम ब्रहचर्य धर्म होते हैं। आज मुनिश्री विबोध सागर जी ने जय जय अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी जैन मंदिर में पांचवे धर्म उत्तम सत्य पर अपने प्रवचन में सत्य धर्म की विवेचना करते हुए कहा कि सत्य धर्म से तात्पर्य सिर्फ सत्य वचन बोलना ही नहीं है। सत्य धर्म और सत्य वचन दोनों भिन्न-भिन्न हैं। झूठ नहीं बोलना, जैसा देखा-सुना-जाना वैसा बोलने को सत्य कहा जाता है। जो कभी नष्ट न हो, वो सत्य है। अपने अन्तर में विद्यमान ज्ञानानन्द स्वभाव से उत्पन्न हुआ ज्ञान, श्रद्धान एवं वीतराग परिणति ही उत्तम सत्य धर्म है और वही मोक्ष का कारण है।

सदद्भ्यो हितं सत्यम का मतलब हैं कि जो सज्जनों को हितकर हो वह सत्य है। हर धर्म में किसी न किसी रूप में सत्य की प्रतिष्ठा की गई है। जैनधर्म में इसे पंच महाव्रत और पंचाणुव्रत में स्थान दिया गया है ।

किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें उस वस्तु के सत्य के स्वरूप को समझना चाहिए। तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं।चारों कषायों की निर्जरा के बाद ही हम उत्तम सत्य को प्राप्त कर सकते है। प्रो. जैन ने बताया कि 28 सितंबर को पर्युषण पर्व की समाप्ति के बाद एक अक्टूबर को नगर में समाजजन क्षमावाणी पर्व एवं पालकी महोत्सव धूमधाम से मनाएंगे।

# जी-20 प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ खेला मैत्री मैच



**छतरपुर, देशबन्धु।** जी-20 की चौथी इंफ्रास्ट्रक्चर समिट में खजुराहो आए विभिन्न देशों के डेलीगेट्स ने 23 सितंबर को खजुराहो एडमिनिस्ट्रेशन टीम के साथ मैत्री मैच खेला।

दोनों टीमों के बीच 10-10 ओवर का मैच खेला गया। डेलीगेट्स ने क्रिकेट खेलते हुए भरपूर आनंद लिया।

## अज्ञात बदमाश क्लीनिक ले गए 5 हजार

**बड़ा मलहरा, देशबन्धु।** नगर के वार्ड नंबर 11 मैं शनिवार के शाम 4ः00 बजे मोटरसाइकिल से तीन बदमाश आए कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल रखकर एक बदमाश ने क्लीनिक में घुसकर पेटी में से ? 5000 निकाले बाइक पर बैठकर भाग गये। घटना के अनुसार डॉक्टर शैलेंद्र अग्रवाल की अस्पताल वार्ड नंबर 11 में हाईवे रोड पर स्थित है वे रोजाना की तरह शाम 4 बजे बच्चे को छोड़कर बस स्टैंड तक अपनी पत्नी को लेने के लिए बाइक से गए लौट कर आए तो पेटी में से ? 5000 गायब थे 4 साल के बच्चे से पूछा तो उसने बताया एक आदमी आया था उसने कहा तुम्हारे पापा कहां हैं हम मोबाइल छोड़ गए हैं।

# 2 वर्षों से भटक रही, गरीब महिला, राशनकार्ड जारी



**घुवारा, देशबन्धु।** घुवारा तहसील में एक गरीब असहाय वृद्ध महिला पिछले कई वर्षो से अपना स्वयं का बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसील के चक्कर काट रही थी। लेकिन किसी भी तहसीलदार द्वारा इस वृद्ध महिला राशन कार्ड नहीं बनाया।

परन्तु वर्तमान नवागत तहसीलदार ऋतु सिंघई के पास जब यह वृद्ध महिला अपनी व्यथा लेकर पहुंची तो तहसीलदार मैडम ने तत्काल वृद्ध महिला के मामले को संज्ञान लेते हुए वृद्ध महिला की वास्तविक स्थिति की जांच पड़ताल कराकर गरीबी रेखा का राशन कार्ड जारी कर दिया। गरीब और वृद्ध महिला ने राशन कार्ड पा कर अपने शब्दों में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बेहद खुशी जाहर की। साथ ही तहसीलदार मैडम ऋतु सिघंई को आशीर्वाद दिया।

आपको बता दें कि तहसील घुवारा अंतर्गत ग्राम पंचायत पनया के टिकरिया गांव की निवासी हरकुंवर बाई घोषी करीब 2 वर्षों से अपना राशनकार्ड बनवाने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर काट रही थी। महिला का कहना है कि पूर्व में कई बार बीपीएल राशन कार्ड हेतु आवेदन दिए और पंचायत की रिपोर्ट एवं पटवारी की रिपोर्ट तक लगवा देते थे। लेकिन जैसे ही आवेदन तहसील में आता था। तो उसको अपात्र बना दिया जाता था। क्योंकि मेरे पास यहां के दलालों, कर्मचारियों और बाबुओं को देने के लिए रूपये नहीं थे।

इसलिए हर बार आवेदन निरस्त कर दिया जाता था। लेकिन कुछ दिन पहले लोगों से सुना कि वर्तमान में एक तहसीलदार मैडम आईं हैं। जो शासन की योजनाओं को गरीबों व पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से वंचित नहीं होने देती। जिससे मैने तहसील आकर तहसीलदार मैडम को वास्तविक आप बीती बताई और उन्होंने स्थिति का जायजा करवाकर आज मेरा राशन कार्ड बनवा दिया। प्रसन्नता पूर्वक भाव से वृद्ध महिला राशन कार्ड लेकर अपने घर वापिस चली गई।

### जनाक्रोश यात्रा में बोले पूर्व केन्द्रीय मंत्री

# कांग्रेस सरकार बनते ही सम्पूर्ण क्षेत्र को सिंचित करेंगे



**छतरपुर, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं बुन्देलखण्ड प्रभारी अरुण यादव के नेतृत्व में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा राजनगर से प्रारंभ होकर गढ़ीमलहरा पहुंची। गढ़ीमलहरा में आयोजित की गई जिसमें अपार जनसैलाब उमड़ा। सभा के मुख्य वक्ता अरुण यादव यहां मौजूद सांसद और विधायक पर अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त होने को लेकर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस की सरकार बनते ही संपूर्ण क्षेत्र को सिंचित कर आवारा गौवंश की व्यवस्था करेंगे। आमसभा में कांग्रेस के ब्लॉक पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल सेक्टर प्रभारी सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन तथा हजारों की तादात में जनसमूह उपस्थित रहा।

गढ़ीमलहरा में सभा में नौगांव नगर पालिका के उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी ने कहा कि यह चुनाव क्षेत्र पर लगे कलंक को मिटाने का अवसर है। अत्याचार और तनाशाही के कलंक को मिटाना है। वह कलंक जो 20 साल से इस क्षेत्र पर लगा है। यहां उठने वाली आवाज़ों को दबाने वाली ताकतों को मिटाना है। दूसरा कलंक गद्दारी और धोखेबाजी का है। हमारा दुर्भाग्य है कि हम हमेशा ठगे गए हैं। कभी भाजपा की सरकार ने ठगा तो कभी अपने पहरेदार ने ठगा। अधिकारी इस इलाके को चारागाह बनाकर चरते रहे और हमारे नेता उनकी जी हुजूरी करते रहे। उन्होंने कहा कि एक कलंक यहां के पिछड़ेपन का है। हमारे पास आज 21वीं सदी में भी अच्छी शिक्षा, अच्छे अस्पताल क्यों नही हैं। आज भी हरपालपुर और छतरपुर के रेलवे स्टेशन पर घर छोडक़र दो वक्त की रोटी के लिए दिल्ली जाने वाले मजदूर भाई बहिनो की भीड़ क्यों है। क्योंकि हमारे नेताओं ने उन्हें दो वक्त की रोटी देने वाली व्यवस्था भी नही की है।। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं सह प्रभारी मध्यप्रदेश सीपी मित्तल, यात्रा के सह प्रभारी गुड्डू राजा बुन्देला सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

**देर शाम छतरपुर पहुंची यात्रा :** देर शाम जनाक्रोश यात्रा छतरपुर पहुंची। पुष्प माला से विधायक अलोक चतुर्वेदी ने स्वागत किया। छत्रसाल चौराहा में आम सभा आयोजित की गई। जो देर रात तक जारी रही।

### निराकार ब्रम्ह' को महायज्ञ में भक्तिभाव से मिला 'आकार'

# असंख्य श्रद्धालुओं ने भक्ति रस के बीच बनाए 47 लाख 22 हजार शिवलिंग



*__छतरपुर/नौगांव, देशबन्धु।__ भक्ति की रसधार जब बहती है तो हरेक श्रद्धालु मन भी गोते लगाने को मजबूर हो जाता है। एक ओर भक्तिगीत तो दूसरी ओर मन में भगवान भोलेनाथ की भक्ति के बीच असंख्य श्रद्धालुओं ने नौगांव में चल रहे विशाल महायज्ञ में दूसरे दिन 47 लाख 22 हजार 33 शिवलिंग का निर्माण किया।*

*ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के 88वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर नौगांव में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक एवं 18 पुराण के धार्मिक आयोजन के दूसरे दिन शनिवार की सुबह से लगभग तीन घंटे में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ शिवलिंग निर्माण किए। दद्दा देवप्रभाकर शास्त्री के ज्येष्ठ पुत्र गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री के सानिध्य में महायज्ञ के दूसरे दिन ही लक्ष्य के आधे से अधिक शिवलिंग निर्माण हो चुके हैं। पहले दिन श्रद्धालुओं ने 29 लाख 62 हजार 11 शिवलिंग निर्माण किए तो दूसरे दिन 47 लाख 22 हजार 33 पार्थिव शिवलिंग बनाकर सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण के लक्ष्य को आधे से अधिक हासिल कर लिया।*

*__तन-मन और धन को पवित्र करने से होगा जीवन होगा सफल :__ गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने दूसरे दिन की भागवत कथा के दौरान कहा कि हमें अपने जीवन को यदि सफल बनाना है तो तन-मन और अपने धन को पवित्र करना होगा। उन्होंने कहा कि मन को पवित्र करने के लिए भगवान का भजन जरूरी है। तन को पवित्र करने के लिए माता-पिता की सेवा कर लो। अगर आपने अपने माता-पिता को खुश कर लिया तो जीवन धन्य हो जाएगा। इसी तरह अपने धन को पवित्र करने के लिए दान करो, किसी गरीब की मदद करो या फिर किसी गरीब की बेटी में श्रद्धानुरूप मदद करो, हो सके तो किसी के कफन का इंतजाम कर दो तो धन भी पवित्र हो जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को नसीहत देते हुए कहा कि जीवन में यदि लत पाडना है तो एक ही मूल मंत्र है श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारे, हे नाथ नारायण बासुदेवा। यदि इस मूलमंत्र को जीवन में धारण करोगे तो निश्चित ही आपका जीवन सफल हो जाएगा।*

# साहित्य

# नूरजहाँ की आवाज़ अर्से तक ज़िंदा रहेगी



■ ज़ाहिद ख़ान

नूरजहाँ, भारतीय सिनेमा की वह अदाकारा और सिंगर हैं, जिन्हें अपने ज़माने में मलिका-ए-तरन्नुम और क्वीन ऑफ मेलोडी के नाम से ख़िताब किया जाता था। नूरजहाँ जितनी भारत में मक़बूल हैं, उतनी ही पाकिस्तान में। बंटवारे के बाद, वे पाकिस्तान चली गईं। और वहां भी वो अपनी आवाज़ का जादू चारों और बिखेरती रहीं। नूरजहाँ ने मूक फ़िल्मों से अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की और कुछ ही बरसों में वे फ़िल्मी पर्दे पर छा गईं। अदाकारी के साथ उन्होंने गायकी भी की। 'खानदान', 'नौकर', 'जुगनू', 'दुहाई', 'जीनत' और 'अनमोल घड़ी' में गाये उनके गीत आज भी गुनगुनाये जाते हैं। 'आजा मेरी बर्बाद मोहब्बत के सहारे...', 'जवां है मोहब्बत...' ने तो उस वक़्त पूरे मुल्क में धूम मचा दी थी। अरसा गुज़र गया, मगर ये गीत आज भी उसी तरह से मशहूर हैं।

अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद ग़ुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां से ली। साल 1939 में आई फ़िल्म 'गुल-ए-बकावली' वह फ़िल्म थी, जिसमें उन्होंने सबसे पहले गाना गाया। इस फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ फ़िल्म इंडस्ट्री में सुर्ख़ियों मे आ गईं। साल 1942 में फ़िल्म 'खानदान' रिलीज हुई। इस फ़िल्म में भी उन्होंने अदाकारी के साथ-साथ गाने भी गाये। फ़िल्म के साथ-साथ इसके गाने भी सुपर हिट हुए। फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा, एक के बाद एक उनकी कई सुपर हिट फ़िल्में आईं। जिसमें उन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी के हुनर का लोहा मनवा लिया। साल 1947 में बनी फिल्म 'मिर्ज़ा-साहिबा' भारत में नूरजहाँ की आख़िरी फ़िल्म थी। मुल्क की तक़सीम के बाद, लाखों लोगों के साथ उन्होंने भी पाकिस्तान में जाकर बसने का फ़ैसला किया। उस वक़्त वे शोहरत की बुलंदियों पर थीं। ऐसे में अपना सब कुछ छोड़कर जाना, वाक़ई एक बड़ा फ़ैसला था। लेकिन कुछ ही अरसे में पाकिस्तान में भी उन्होंने वही सब हासिल कर लिया। अदाकारी और गायकी दोनों ही में वे बरसों तक उरूज पर रहीं। पाकिस्तानी फ़िल्मों में नूरजहां के योगदान को देखते हुए, न सिर्फ़ उन्हें पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति सम्मान से नवाज़ा गया, बल्कि वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज़' से भी सम्मानित किया गया।

अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद ग़ुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां से ली।

नूरजहाँ की गायकी और सुरीली आवाज़ पर मशहूर अफ़साना निगार सआदत हसन मंटो भी फ़िदा थे, इस हद तक कि उन्होंने नूरजहाँ की दिल-आवेज़ शख़्सियत पर पर एक शानदार ख़ाका भी लिखा था। वो लिखते हैं, ''सहगल के बाद, मैं नूरजहाँ के गले से मुतास्सिर हुआ। इतनी साफ-शफ़्फ़ाफ़ आवाज़, मुरकियां (स्वर का उतार-चढ़ाव) इतनी वाज़ेह, खरज (उच्चारण) इतनी हमवार, पंचम इतना नुकीला। मैंने सोचा, अगर यह लड़की चाहे, तो घंटों एक सुर पर खड़ी रह सकती है, उसी तरह जिस तरह बाज़ीगर तने हुए रस्से पर बग़ैर किसी लग़ज़िश (माधुर्यपूर्ण) के खड़े रहते हैं।'' मंटो यहीं नहीं रुक जाते, बल्कि अपने इस मज़ामीन में वे आगे लिखते हैं, ''नूरजहाँ के मुताल्लिक़ बहुत कम आदमी जानते हैं कि वह राग विद्या उतनी ही जानती है, जितनी कि कोई उस्ताद। वह ठुमरी गाती है, ख़्याल गाती है, ध्रुपद गाती है और ऐसी गाती है कि गाने का हक़ अदा करती है। मौसीक़ी की तालीम तो उसने यक़ीनन हासिल की थी कि वह ऐसे घराने में पैदा हुई, जहां का माहौल ही ऐसा था- लेकिन एक चीज़ ख़ुदादाद भी होती है। मौसीक़ी के इल्म से किसी का सीना मामूर (परिपूर्ण) हो, मगर गले में रस न हो तो आप समझ सकते हैं कि ख़ाली-खूली इल्म सुनने वालों पर क्या असर कर सकेगा-नूरजहाँ के पास इल्म भी था और वह ख़ुदादाद चीज़ भी, जिसे गला कहते हैं। यह दोनों चीज़ें मिल जाएं, तो क़यामत का बरपा होना लाज़िमी है।'' ('नूरजहाँ', किताब-'सआदत हसन मंटो दस्तावेज़, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज़-115) वाक़ई नूरजहाँ की दिलकश आवाज़, उस दौर में उनके चाहने वालों पर एक कहर सा ढाती थी। लोग उनकी गायकी के दीवाने थे।

नूरजहाँ को शे'र-ओ-अदब का बेहद शौक़ था। ख़ास तौर पर वे मशहूर-ए-ज़माना शायर फ़ैज़ अहमद फ़ैज की शायरी की बड़ी दीवानी थीं। फ़ैज़ को समझकर और महसूस करके गाने वालों में नूरजहाँ और इक़बाल बानो सर-ए-फेहरिस्त हैं। नूरजहाँ और फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ के किस तरह के मरासिम थे और वे फ़ैज़ और उनकी शायरी की कितनी इज़्ज़त-ओ-एहतिराम करती थीं, एक छोटे से क़िस्से से जाना जा सकता है। इस क़िस्से को तरक़्क़ीपसंद अदीब और जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी किताब 'आशनाईयां क्या क्या' में बड़े शानदार अंदाज़ में बयां किया है। जो इस तरह से है, ''अय्यूबी मार्शल लॉ के दूसरे बरस आला सतह पर फ़ैसला किया गया कि कायद-ए-आज़म का जश्न-ए-विलादत (पुण्यतिथि) सरकारी तौर पर मनाया जाए। इस ज़िम्न में पंजाब यूनीवर्सिटी हॉल में एक महफ़िल-ए-मूसिक़ी तर्तीब दी गई। जिसका प्रोग्राम रेडियो पाकिस्तान लाहौर से रिले करने का एहतिमाम किया गया था।

इस शाम यूनीवर्सिटी हॉल में मुल्क के नामवर गुलूकारों (गायकों) को जमा किया गया। मादाम नूरजहाँ भी मौजूद थीं। जब वो स्टेज पर आईं, तो उन्होंने फ़ैज़ की नज़्म ''मुझसे पहली सी मुहब्बत मेरे महबूब न मांग।'' गाना शुरू की। उस वक़्त भी फ़ैज़ का कलाम रेडियो से नश्र (प्रसारित) करने की इजाज़त न थी। इसलिए रेडियो वालों ने मार्शल लॉ हुक्काम से जो वहां मौजूद थे, रुजू (संपर्क) किया। एक फ़ौजी अफ़सर ने कोई दूसरी चीज़ गाने के लिए कहा। और बताया कि

''फ़ैज़ के कलाम पर पाबंदी की वजह से ये नज़्म नहीं गायी जा सकती।''

मगर नूरजहाँ का इसरार था कि वो यही नज़्म सुनाएगी, वरना घर चली जाएंगी। जब बात बहुत बढ़ी, तो उसने कहा,

''अच्छा, तो फिर आप लोग मुझे भी वहीं भेज दीजिए, जहां फ़ैज़ हैं।''

फ़ैज़, उस वक़्त सरकार की क़ैद में थे। काफ़ी बहस-ओ-मुबाहिसे के बाद, बिल आख़िर मुंतज़मीन (आयोजकों) को मजबूरन मादाम का मुतालबा (मांग) मानना पड़ा। अलबत्ता रेडियो से इस महफ़िल का राब्ता काट दिया गया।

नूरजहाँ वाहिद गुलूकारा हैं, जो साज़ की मोहताज नहीं थीं। बहुत सी घरेलू और निजी महफ़िलों में वे बिना साज़ के गाती और गुनगुनाती थीं। और सुनने वालों को वैसा ही मज़ा आता था, जो साज़ के साथ सुर की बंदिश से आता है। जबकि ऐसे कई गायक-गायिकाएं मिल जाएंगी, जो बिना साज़ के एक लाइन तक नहीं गा सकते। एक अहम बात और, गायक-गायिका अपनी आवाज़ बेहतर रखने के लिए क्या-क्या जतन नहीं करते, मगर नूरजहाँ इससे बिल्कुल बेपरवाह रहती थीं। अच्छी आवाज़ के लिए जिन चीज़ों के खाने की मनाही या पाबंदी रखना ज़रूरी है, वे उन्हें ख़ूब खाती थीं। ' 23 दिसम्बर, 2000 को मलिका-ए-तरन्नुम नूरजहाँ ने इस दुनिया से अपनी विदाई ली। इस लेख का इख़्तिताम (समापन) मैं अफ़साना निगारी के उस्ताद मंटो की बात से ही करता हूं।

''जब तक रिकार्ड ज़िंदा हैं, सहगल मरहूम की आवाज़ कभी मर नहीं सकती-इसी तरह नूरजहाँ की आवाज़ भी अर्से तक ज़िंदा रहेगी और आने वाली नस्लों के कानों में अपना शहद टपकाती रहेगी।''

**महल कॉलोनी, शिवपुरी म.प्र.**

# परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों का शाइरः सुभाष पाठक 'ज़िया'

■ -ए.एफ़ 'नज़र'

''मैं जब ग़ज़ल को तसव्वुर करता हूँ तो महसूस करता हूँ कि तमाम फ़िक्रों की शाख़ों पर ख़यालों के गुंचे खिल उठे हैं। सहराओं के कंटीले दरख़्तों पर नई कोंपलें फूट पड़ी हैं। ग़ज़ल पहली बारिश की वो सौंधी ख़ुशबू हैं जो गर्म रुतों की दुश्वारियों को अपनी आमद से दिलफ़रेब और ख़ुशमंज़र बना देती है।..................सुनते तो ये आए हैं कि ये हुनर आते-आते ही आता है और एक उम्र भी कम है।'' सुभाष पाठक 'ज़िया' का उनके दूसरे ग़ज़ल संग्रह '' तुम्ही से ज़िया है'' में दिया गया यह वक्तव्य इस बात की दलील है कि वह ईमानदार शाइर हैं और अपनी ख़ूबियों और कमियों से वाक़िफ़ है।

सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अतः ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है ,जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है। ज़िया परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों के शाइर है यह द्वन्द्व उनके प्रेमपरक ग़ज़लों और सामाजिक सरोकार की ग़ज़लों दोंनों में ही दृष्टिगत होता है। दिल धड़कता है की ग़ज़लों से गुज़रते हुए महसूस होता है कि उनकी अधिकांश ग़ज़लों में प्रेमपरक भावनाओं की अभिव्यक्ति है और प्रेम की समग्र रूप से जो तस्वीर उभरती है कुछ इस प्रकार है कि कॉलेज के ज़माने में उम्र के चढ़ते पड़ावों पर एक लड़का-लड़की एक दूसरे से मिलते हैं, क़रीब आते हैं और साथ जीने मरने की क़समें खाते हैं। पढ़ाई पूरी होने पर जब अलग होते है तो दिलों में हसीन यादें लिए अपने -अपने रास्तों पर गामज़न हो जाते हैं, न कोई गिला-शिकवा न दोबारा मिलने के वादे। दोनों जानते हैं कि वे दोबारा कभी नही मिल सकेंगे और दोनों ने इस सच को स्वीकार भी कर लिया है। वस्ल या तो माज़ी की यादों में हैं या कभी पूरी न होने वाली तमन्ना है। आशिक़ और माशूक़ दोनों इन्तज़ार के अनंत मरूस्थल के दोनों विपरीत छोरों पर खड़े हैं। यही इन्तज़ार अब उन्हें प्रिय है, इस प्रेम कहानी में वक़्त या हालात के सिवा कोई रक़ीब नहीं है। दीवानगी में भी वह होश और ख़िरद का दामन नहीं छोड़ते । माशूक़ हसीन, बेवफ़ा, बेपरवाह, बदगुमान और आशिक़ के ग़म से नावाक़िफ है।



सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अतः ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है, जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है।

आशिक़ के किरदार में सर्वाधिक द्वन्द्व है उसके मिज़ाज में जहाँ अनन्य प्रेम है तो आज़ाद मिज़ाजी भी। समर्पण और अना परस्ती, आस्था और अनास्था, कर्मवाद और भाग्यवाद का द्वन्द्व है।

बाद दसके चराग़ लौ देगा,
पहले इक लौ चराग़ तक पहुँचे।
या
क्यों ज़माने को बेवफ़ा कहिए,
इसको क़िस्मत का फ़लसफ़ा कहिए।

''तुम्ही से ज़िया है'' की ग़ज़लों में भावनात्मकता चिन्तनोन्मुखता की ओर अग्रसर हुई हैं। बहरों के चयन में न केवल विविधता है, बल्कि लम्बी बहरों को भी बख़ूबी निभाया है। ग़ज़ल का हिंदी में आना अहम और उल्लेखनीय घटना है जिसने ग़ज़ल के मुताल्लिक़ दृष्टि और विमर्श के अनेक नए ज़ाविए खोल दिए हैं। मेरा मानना है कि शाइरी मआशरे से दो लेबल पर जुड़ी होती है एक कि शायर समाज में रहता है और उससे मुतास्सिर होता रहता है जिससे शायरी भी मुतास्सिर होती है। दूसरे जब शाइर अपनी शाइरी किसी दूसरे के साथ शेयर करता है, दाद चाहता है या चाहता है कि वह लोगों पर असर करे तो यह पूरी तरह सामाजिक अमल होता है। इसलिए ज़रूरी है कि कोई शाइरी समाज को नुकसान पहुँचाने वाली कदापि नही हो। कोई शाइरी इसलिए बेहतरीन नही होती कि वह उर्दू में, कही गई है या अंग्रेज़ी में कही गई है बल्कि इसलिए अज़ीम होती है कि उसमें आला दर्जे के शाइराना एलीमेंट्स (काव्य तत्व) होते हैं।

आधुनिक काव्य के मानकों के मददेनज़र पड़ताल करें तो हम पाते हैं कि ज़िया की शाइरी पर अस्तित्वाद व अन्य आधुनिक चिन्तनों का व्यापक प्रभाव है और समकालीन कविता की तमाम प्रवृत्तियाँ कमोबेश उनके यहाँ पाई जाती है। मिसाल के तौर पर कुछ अशआर प्रस्तुत हैं जो विभिन्न प्रवृत्तियों के हामिल है-

इल्म ही है जो तेरा अपना है,
घर मकाँ कल तो और का होगा।
----
सब गुज़रते है मेरे सीने से,
मैं हूँ इक पायदान चौखट का।
----
आसमानों ज़मीं की बात ही क्या,
सारा आलम उदास है मेरा।
ये घड़ी दो घड़ी की बात नहीं,
वक़्त पैहम उदास है मेरा।
---
ज़मीं दिल के हसीं रिश्तों की बंजर हो गई अब तो,
नदी मेरे ग़मों की भी समन्दर हो गई अब तो।
---
गुज़र ही गया दर्दे दिल हद से आख़िर,
कि अब दर्द क्या आँख भी नम नहीं है।

ज़िया की ग़ज़लों में ग़म स्निग्ध है, लगता है ग़मों की गहरा रंग दूर तक फैला हुआ है और वो उसे भरपूर जीते हैं, शालीनता से अभिव्यक्त करते हैं , अपने परिवेश को यकायक बदल देने की जल्दी में नहीं हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि वो इस सच को आत्मसात कर चुके हैं कि ग़म ज़िदगी का अभिन्न हिस्सा है और यह बड़ी बात है।

चलो आइने से
मिलो और ख़ुद को
निहारो संवारो तुम्ही
से ज़िया है,
थकन को उतारो
न यूँ थक के हारो
वफ़ा के सितारो
तुम्ही से ज़िया है।

ज़िया ग़ज़ल में पारम्परिकता और कविता की आधुनिकता और उत्तर आधुनिकता का कितना अथवा किन विशिष्टताओं के साथ निर्वाह कर सके हैं यह अलग विमर्श है लेकिन उनके बार में एक बात स्पष्टता से कही जा सकती है कि वो ग़ज़ल की उम्मीद हैं और उनको आगे के सफ़र के लिए मैं हार्दिक मंगलकामनाएँ पेश करता हूँ।

लेखिका : -ए.एफ़ 'नज़र'
पुस्तक - 'तुम्हीं से ज़िया है' (ग़ज़ल संग्रह)
ग़ज़लकार- सुभाष पाठक 'ज़िया'
समीक्षक - ए. एफ 'नज़र'
प्रकाशन - अभिधा प्रकाशन
मूल्य 300

# स्वयंभू कवियों की नई फौज और कविता की अनुपस्थिति

■ रमेश शर्मा

त्योहारों के आते ही कस्बों, गांवों की गलियों में कवियों की नई फौज तैयार होने लगती है। यही वह मौसम होता है जब इनकी डिमांड बढ़ने लगती है। मौसम के अनुरूप कवियों की यह नई उपज लगातार अपने लिए इन्हीं अवसरों, जगहों की तलाश में भी लगी हुई दिखाई पड़ती है। ये टोली प्रतीक्षा में भी रहती है कि कहीं से कोई बुलावा आए तो वहां चलें।बुलावे पर पूरी टोली वहां उतर जाती है। कविता को फुलझड़ियों की तरह छोड़ना इनका शगल होता है। खूब चिल्ला चिल्ला कर एक ही पंक्ति को बार बार दोहराते हुए इन्हें सुना जा सकता है।कई बार कविता की एक एक पंक्ति को बहुत तेज आवाज में किसी आचार्य की तरह श्रोताओं को समझाने की कोशिश करते हुए भी इन्हें मंच पर देखा जा सकता है।

स्वयं अपने श्रोताओं से ताली बजाने का आग्रह करते हुए भी इन्हें कोई संकोच करते हुए कभी देखा नहीं गया है। कविता के नाम पर सब कुछ होता है पर दुर्भाग्य यह है कि कविता ही वहां अनुपस्थित रह जाती है । जरूरी नहीं कि जोर जोर से ताली बजाई जाए,मजे लेने के लिए वाह वाह का शोर मचाया जाए तो कविता वहां उपस्थित ही हो।कविता से वैचारिकी का गहरा संबंध है पर इस तरह के शोर शराबों से वैचारिकी का कोई संबंध हो, इस पर संदेह ही है।कविता के बहाने इस तरह के शोर शराबे के बीच कविता का अनुपस्थित होना एक विचारणीय प्रश्न है।

कविता के नाम पर आई हुई श्रोताओं की भीड़ जब अपने अपने घरों को लौटती है तो वैचारिकी के नाम पर अपने साथ वह कुछ लेकर नहीं जाती। मंच के नीचे श्रोताओं की भीड़ भूनी हुई मूंगफली के बीज गटक कर उसके छिलकों का ढेर भर वहां छोड़ जाती है।नासमझी की वजह से जिस मंचीय कविता को कविता के लिए लोकप्रिय बनाने का माध्यम समझा जाता है दरअसल उस कविता में वैचारिकी के नाम पर कुछ भी नहीं होता।वे कविता के नाम पर छोड़ी गई फुलझड़ियां भर होती हैं जहां जीवन या वैचारिकी के लिए कोई स्पेस नहीं रह जाता। वे क्षणिक मनोरंजन के लिए भर होती हैं ,वह भी सबके लिए नहीं। दुर्भाग्य से इसे ही कविता मान लिए जाने की भूल किए जाने के कारण कविता की जो शक्ति है उसका क्षरण निरंतर हुआ है और यह क्षरण दिनों दिन और तेजी से हो रहा है। वीर रस के वायवीय शोर, मंचीय फूहड़ता और तुकबंदी में रची पगी तथाकथित कविता के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि ऐसी कविताओं के कवियों को लाखों रुपये का पैकेज देकर लोग फिर क्यों बुलाते हैं? दरअसल बाज़ार की आंखों से जब आप कला, साहित्य को आंकने की कोशिश करते हैं तब आप वैचारिकी को



त्याग रहे होते हैं। बाज़ार आज के तथाकथित फायर ब्रांड नेताओं के मुकाबले गांधी को गिराने की जितनी भी कोशिश करे , गांधी की वैचारिकी या गांधी के जीवन मूल्य आज भी कीमती हैं । <उसका आकलन बाज़ार कभी भी नहीं कर सकता। वैचारिक कविता और मंचीय कविता के सम्बंध में भी यही बात सामने आती है। कला और साहित्य को बाज़ार की आंखों से देखने वाला कविता की वैचारिकी से कोसों दूर होता है।

वह उसे समझ नहीं सकता जिस तरह कि गांधी को लोग समझ नहीं पाते।इसे इस तरह भी समझें कि एक तरफ एक प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना का नृत्य हो और दूसरी तरफ आइटम डांस रख दिया जाए तो बाज़ार और भीड़ का रूख आइटम की तरफ ही होगा। पर क्या उससे कत्थक जैसे क्लासिकल नृत्य कला का मूल्य कम हो जाएगा? यह शाश्वत सत्य है कि जो मूल्यवान है , उसकी अमरता अक्षुण्ण है। बाज़ार की आंखों से देखकर कोई नासमझी का परिचय दे तो फिर वह उसकी समस्या है।

आज सोशल मीडिया का दौर है। सोशल मीडिया ने भी इस तरह की बिना वैचारिकी वाली कविताओं को लिखने पढ़ने वाले कवियों की नई फौज पैदा की है जो गांवों कस्बों में विभिन्न अवसरों पर मंच पर चढ़कर एक नया दृश्य खड़ा कर रहे हैं। एक बात मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि कविता अपनी वैचारिकी से कभी समाज या लोगों से दूर नहीं होती बल्कि कविता का सतहीपन उसे आत्महीन कर देता है। आत्महीन और बिना वैचारिकी वाली कविताओं के बहुत निकट आकर भी श्रोता जब अपने घरों को खाली हाथ लौटते हैं तब यह कविता के अलोकप्रिय होने का सशक्त प्रमाण है। इन माध्यमों से भी कविता को बहुत नुकसान पहुंच रहा है । बिना वैचारिकी वाली आत्महीन कविताएं ही कविता की दुनिया को धीरे धीरे दीमक की तरह नष्ट कर रही हैं यह घोर चिंता का विषय है। इस दौर में कवि हो जाना कितना आसान हो चुका है जबकि जनसरोकारिता और वैचारिकी से युक्त कविताओं का कवि कर्म आज भी बहुत कठिन है। उसके लिए आत्मा युक्त कविताओं का होना बेहद जरूरी शर्त है।

**92,श्रीकुंज रायगढ़, छत्तीसगढ़**
**मो.7722975017**

## सार-समाचार

### शारदा खटीक ने भागवत सुन धर्म लाभ उठाया



**सागर, देशबन्धु।** जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक ने ग्राम मोठी में बलदाऊ दादा मंदिर में पहुंचकर श्री कृष्णा जन्म पर भागवत कथा का श्रवण किया। भागवत कथा पंडा जगभान यादव के सानिध्य में हो रही है। पं. सुरेश तिवारी कथावाचक द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। आयोजक मीराबाई गब्बर पटेल सरपंच बरारू है। शारदा खटीक ने कृष्ण जन्म पर आरती उतारी एवं सभी के साथ धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर किशोरी लाल खटीक, लाल सिंह यादव, विक्की पटेल, सोनू अहिरवार आदि सैकड़ो महिलाएं पुरुषों ने धर्म लाभ उठाया।

### अच्छी सड़कों से ही ग्राम का विकास होता है: लारिया




**सागर, देशबन्धु।** जिन ग्रामों में अच्छी सड़कें होती हैं वहां का विकास अच्छा होता है और जब ग्रामों का पूर्ण विकास होता है। तो वहां खुशहाली भी नजर आती है। सड़कों से आवागमन भी सुलभ होता है और गांव के लोग आर्थिक रूप से भी संपन्न होते है। यह बात विधायक प्रदीप लारिया ने विधानसभा क्षेत्र के पंचायत बम्होरी ढूढर के ग्राम नयाखेड़ा में एसएच-63 मुख्य मार्ग से बम्होरी ढूढर तक 352 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाली सड़क के भूमिपूजन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ विकास के लिए कार्य करती है और कांग्रेस ने विकास की जगह सिर्फ झूठी वाहवाही लूटने का काम किया है। इस अवसर पर दिलीप नायक, अशोक सिंह पड़रिया, ग्राम सरपंच कल्याण सिंह अहिरवार, मुहली सरपंच चन्द्रभान कुर्मी, भरत सिंह घोषी, गुड़ा सरपंच बीरवल कुर्मी, नपा मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, विजय पटेल, मुकेश सक्सेना सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन ने नगर पालिका के सामने धरना प्रदर्शन कर की नारेबाजी

**बीना, देशबन्धु।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने नगर पालिका कार्यालय के सामने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक के नाम नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने ज्ञापन में मांग की है कि सफाई कामगारों को 2005 से बंद पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। मप्र के सभी नगर निगम और नगरपालिका में सफाई ठेका प्रथा समाप्त कर स्थायी भर्ती की जाए। सफाई कामगार जो विनियिमित सफाई मित्र संविदा, अंशकालीन, रोस्टर या आउट सोर्स पर हैं। उन सभी को तत्काल नियमितिकरण का लाभ सफाई कर्मचारी वर्ग को दिया जाए। सफाई कर्मचारियों के अपने सेवाकाल में कार्य करते हुए स्वेच्छा सेवानिवृत्ति देकर अपने परिवार के किसी सदस्य को सफाईदार पद या योग्यता अनुसार उसकी नियुक्ति दी जाए। सफाई कामगार मित्रों के पद से रोस्टर प्रणाली को



सफाई कर्मचारी वर्ग के पद से शिथिल किया जाए। शासन जो कर्मचारी चयन मंडल से भर्ती करती है उसे समाप्त कर सीधी भर्ती की जाए। मप्र के नगर पालिका, नगर निगम में सफाईदार वर्ग के कर्मचारी जो अन्य पदों पर कार्यरत है। जैसे वाहन चालक, सुपरवाईजर, फायर हेल्पर इत्यादि उनके पद नाम के साथ समान पद समान वेतन का लाभ दिया जाए। मप्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अलग-अलग प्रकार का वेतन भुगतान किया जाता है जो गलत है। सभी का वर्तमान महंगाई को देखते हुए नियमित कर्मचारी को बराबर वेतन भुगतान किया जाए। सेवानिवृत्त होने पर परिवार के आश्रित एक सदस्य को योग्यता अनुसार नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाए। सदस्यों का कहना है इन सभी मांगों को लेकर शासन का रवैया ठीक नहीं है। इसी को लेकर सभी सफाई कामगार 25 सितंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। रविवार को सभी कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय के सामने हड़ताल पर बैठेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती हमारी हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## सज्जन व्यक्ति रूलाकर जाता है, दुर्जन को रोने वाला नही मिलता : कमलेश्वरानंद



**रहली, देशबन्धु।** ग्राम मडला में श्रीमद भगवत कथा महायज्ञ के अंतिम दिवस कथा व्यास संत कमलेश्वरानंद तीर्थ धर्माचार्य सनातन धर्म प्रवक्त अखाण्ड परम धाम नर्मदा तट कोनेश्वर धाम चित्रकूट द्वारा मधुरमय वाणी में कथा रसपान कराया गया। उन्होंने बताया की भगवान श्री कृष्ण जी द्वारा जब मामा कंस का वध किया और राजगद्दी से नीचे फेका तो नीचे खड़े बलदाऊ जी ने जोर से प्रहार किया और कस के प्राण पखेरू निकल गए। कंस बहुत ही शक्ति साली वा क्रूर राजा था उसका वय पृथ्वी से लेकर देवलोक तक था लेकिन मरने के बाद कोई सगा संबंधी, प्रजा, दोस्त उसके शव पर विलाप करने नही आया। दुनिया में दो प्रकार के लोग होते है सज्जन और दुर्जन सज्जन व्यक्ति के जाने में लोग रोते है और दुर्जन व्यक्ति के लिए कोई रोन वाला नही होता, सज्जन व्यक्ति रुलाकर जाता है और दुर्जन पर कोई रोन वाला नही मिलता यही हाल कंस का हुआ। कथा समाप्ति पर श्रीमद भागवत जी की भव्य आरती उतारी गई जिसमे मंत्री गोपाल भार्गव, मुख्य यजमान स्नेहलता प्रसन्न पटेरिया, स्वाति प्रियेश पटेरिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## बीना मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे लाइन पर मालगाड़ी की कपलिंग टूटी, बड़ा हादसा टला

**बीना, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी के पीछे मालखेड़ी महादेवखेड़ी लाइन पर उस समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया जब कोटा की ओर से आ रही एक मालगाड़ी के डिब्बों के बीच लगी कपलिंग टूट गई, इससे मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई और आगे का हिस्सा करीब 50 फीट आगे निकल गया। मालगाड़ी की स्पीड कम होने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कपलिंग को बदला और करीब डेढ़ घंटे के बाद ट्रेन आगे बढ़ सकी। जानकारी अनुसार कृषि मंडी के पीछे मालखेड़ी-महादेवखेड़ी स्टेशन के बीच मालगाड़ी की कपलिंग टूट गई और मालगाड़ी का एक हिस्सा



करीब 50 फीट आगे निकल गया। मालगाड़ी में सबसे पीछे के केबिन में ड्यूटी पर मौजूद ट्रेन मैनेजर ने लोको पायलट को इसकी जानकारी दी। जिन्होंने तत्काल ट्रेन को रोका। कपलिंग को बदलने में डेढ़ घंटे का समय लग गया और फिर ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया गया। इस दौरान डाउन ट्रैक पूरी तरह से बाधित रहा और अन्य ट्रेन को पीछे की स्टेशनों पर रोककर रखा गया। मालगाड़ी की स्पीड कम ज्यादा होने पर झटका लेने के कारण कपलिंग टूटी, जिससे मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई थी। मालगाड़ी कोटा की ओर से सिंगरौली जा रही थी।

## अमृत कलश यात्रा मोहननगर, नरयावलीनाका, रविशंकर और भगतसिंह वार्ड पहुंची

**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत 12 से 27 सितंबर तक नगर के समस्त वाड़ों में निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा आठवें दिन मोहननगर वार्ड पहुंची जहां वार्ड के बड़ी संख्या में महिलाओं और नागरिकों द्वारा यात्रा का स्वागत किया और नागरिकों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। नरयावली नाका वार्ड में वार्ड पार्षद कंचन जडिया ने नागरिकों के साथ पचप्रण की शपथ ली और मिट्टी चावल का एकत्रीकरण कराया। रविशंकर वार्ड मे वार्ड के नागरिको के साथ पच, प्रण की शपथ ली और मिट्टी और चावल का एकत्रीकरण किया, भगत सिंह वार्ड में वार्ड पार्षद विनोद तिवारी ने महिलाओं के साथ मिट्टी का एकत्रीकरण कराया और अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए पचप्रण की शपथ ली। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी सहित वार्ड के नागरिक और कर संग्राहक उपस्थित थे।

## पारसनाथ चालीसा पर किया नाटक का मंचन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्र. 10 के द्वारा श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर रजाखेड़ी में मुनिश्री सुदत्तसागर एवं छुल्लक श्री चंददत्त सागर की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से पाठशाला के बच्चों द्वारा श्री पारसनाथ चालीसा के ऊपर नाटक का मंचन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सुरेश जैन, शैलेंद्र जैन, मनीष जैन, रविंद्र जैन, हेमचंद्र जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महावीर प्रार्थना के साथ ही नाटक का मंचन शुरू हुआ जिसमें श्री पारसनाथ भगवान के जीवन चरित्र पर आधारित सभी घटनाओं का सचित्र चित्रण किया गया। सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन ने बताया कि इस नाटक में 20 पात्रों ने भाग लिया जिसमें पाठशाला के बच्चे एवं शिक्षिकाएं सम्मिलित थी।

## सागर में जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त हैं: राजकुमार पचौरी



**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भाजपा शासित शिवराज सरकार के घोटाले के खिलाफ समूचे मप्र में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है। इस संबंध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस के सह प्रभारी सुरेन्द्र रघुवंशी उपस्थित थे, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजकुमार पचौरी ने की। बुंदेलखंड क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा 27 सितंबर को सागर नगर में प्रवेश करेगी। सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। राजकुमार पचौरी ने कहा कि कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा को जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त हों रहा हैं। बैठक को प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित, संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई, रमाकांत यादव, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, सह प्रभारी भोपाल सुरेंद्र चौबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, जीतेन्द्र चौधरी, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, गंगाराम चौधरी, माधवी चौधरी, राहुल रजक, पवन पटेल ने यात्रा के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, राजू राठौर, पं राम शर्मा, कल्लू पटेल, हामिद अंसारी, मनोज पाण्डेय सहित सेकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# 10 करोड़ के विकास कार्यों की नगरवासियों को दी सौगात



**सिरोंज, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की आचार सहिंता लगने से पहले विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर को विकास कार्यों की सौगातें दी। उत्कृष्ट मार्ग स्थित भेरोबाबा सब स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने करीब दस करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें साढ़े सात करोड़ रुपये से अधिक के सीसी सड़कों के निर्माण कार्य सहित अमृत 2.0 योजना अंतर्गत अलीगंज पर उद्यान एवं कैथन नदी का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य शामिल है। शनिवार को राधा अष्टमी के अवसर पर विधायक उमाकान्त शर्मा ने नगरपालिका के माध्यम से शहर के 21 वार्डो के अन्तर्गत होने वाले विकास कार्यो की नींव रखी। इसके अलावा उन्होंने करीब ढाई करोड़ की लागत से विधुत विभाग द्वारा 33 के व्ही फीडर पर सिरोंज एवं देवपुर फीडर क्षेत्र के बिजली के उपभोक्ताओं को वोल्टेज एवं हेवी लोड संबधी समस्याओं से निजात दिलाने किए जा रहे प्रयास शामिल हैं। दोनों विभागों के अंतर्गत होने वाले विकास कार्य की शुरुआत करने के लिए उन्होंने राधाकुंड परिसर को जाने वाले मार्ग का ही चयन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विधायक उमाकान्त शर्मा ने कन्या पूजन कर सिरोंज के नागरिकों के लिए करीब सात करोड़ सत्ताईस लाख की लागत से बनने वाले पार्क,नाले एवं सीसी सड़कों का भूमिपूजन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव,संतोष चौरे,पदम् ताम्रकार, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, पार्षद हरिचरण अहिरवार,राजा मियां, टीकाराम शाक्य, संजू सोनी,धर्मेद्र जैन,बलजीत यादव, सीताराम कुशवाह आदि कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

**सर्वसुविधायुक्त होगा लक्ष्मीकांत शर्मा उद्यान :** कार्यक्रम के दौरान करीब साढ़े सात करोड़ की लागत राशि से बनने वाले छब्बीस विकास कार्यो का विधायक शर्मा ने भूमिपूजन किया। इसमें प्रमुख रूप से निकाय योजनांतर्गत वलेजा पेट्रोल पंप से लेकर छतरी नाके तक एक करोड़ दस लाख की लागत से कायाकल्प योजना के अंर्तगत हो रही सड़क चौड़ीकरण के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाला निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत करीब एक करोड़ सत्तर लाख की लागत से कैथन नदी का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्य के विकास कार्य किए जाएंगे। जिससे नागरिको को नदी किनारे साफ स्वच्छ स्थान मिल सके। इसी तरह अमृत 2.0 योजना से भैरव पठार अलीगंज पर करीब अठत्तर लाख की लागत से पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के नाम पर सर्व सुविधायुक्त उद्यान बनाया जाएगा। इसी तरह नगर की जल निकासी की एक प्रमुख समस्या का निराकरण करते हुए विधायक शर्मा ने तलैया मोहल्ले से होकर टाकीज चौराहे के नीचे से निकले बहुत पुराने नाले को पक्का आरसीसी किए जाने की भी नींव रखी।

## गणेश जन्मोत्सव समारोह में देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति



**सिरोंज, देशबन्धु।** गणेश मंदिर गणेश की अथाई पर चल रहे दस दिवसीय गणेश जन्मोत्सव समारोह में शुक्रवार को देश-भक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नगर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर देश भक्ति से ओतप्रोत सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी।

गणेश जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में नगर के कक्षा 6 से स्नाकोत्तर तक के लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लेकर देश-भक्ति के तराने प्रस्तुत किये। निर्णायक समिति द्वारा अच्छी लय, ताल और प्रस्तुति के आधार पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा भावना विश्वकर्मा ने प्रथम तथा शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की छात्रा वैष्णवी नेमा ने द्वितीय और निर्मला कॉनवेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल की के छात्र अर्जुन श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हेतु प्रमाण भेंट किये गये।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सागर (म. प्र.)

दूरभाष 07582 224269 E-mail- eephe_sagar@yahoo.co.in
क्रं. ..../निविदा प्रकोष्ठ / का.यं./लो.स्वा.यां. / खण्ड, सागर दिनॉक .......

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से सागर जिले के लोक स्वास्थय यंत्रिकीय विभाग खण्ड सागर क्षेत्रांतर्गत में आनलाईन निविदा http://www.mptenders.gov.in दिनांक 27.09.2023 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है ।

| सं. क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेण्डर क्रमांक | विकास खण्ड | कार्य की अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रं. 45/ 12.09.2023 | 2023_PHED_ 307359_1 | परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने हेतु कार्य | 16.50 | 33000/- | रू.2000/- |

निविदा में संशोधन ऑनलाईन ही देंखे जा सकेगें।

जी-20090/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सागर**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सागर (म. प्र.)

दूरभाष 07582 224269 E-mail- eephe_sagar@yahoo.co.in
क्रं. 2472/निविदा प्रकोष्ठ / का.यं./लो.स्वा.यां. / खण्ड, सागर दिनॉक 12.09.2023

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से सागर जिले के लोक स्वास्थय यंत्रिकीय विभाग खण्ड सागर क्षेत्रांतर्गत में आनलाईन निविदा http://www.mptenders.gov.in दिनांक 27.09.2023 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है ।

| सं. क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रं. 45/ 12.09.2023 | 2023_PHED_ 307233_1 | नलकूप, रिर्चाजिंग पिट / एवं रिर्चाजिंग शाफ्ट निर्माण कार्य | जिला सागर | 134.30 | 130300/- | रू.12500/- |

निविदा में संशोधन ऑनलाईन ही देंखे जा सकेगें।

जी-20060/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सागर**

**प्रारूप - 6**
**( वन अपराध में जप्त वनोपज के अतिरिक्त राजसात की प्रक्रियां 467 )**
**अधिग्रहीत संपत्ति के मालिक तथा उसमें हित रखने वाले व्यक्तियों ( बचाव साक्ष्यों ) को**
**सूचना-पत्र**
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवम् उप वन मंडल अधिकारी बण्डा**

पत्र क्रमांक/एस.डी.सी./ राजस्व/ संरक्षण/ 2023/ 1809 बण्डा, दिनॉक 13.09.2023
प्रति,

1. श्री विक्रम पिता फूलसिंह लोधी उम्र 30 वर्ष साकिन दलपतपुर जिला सागर मध्यप्रदेश ( वाहन स्वामी / अपराधी )।

द्वारा:- **वन परिक्षेत्र अधिकारी बण्डा ।**

विषय:- वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1418 / 73 दिनाँक 12.01.2023 में अभिग्रहीत संपत्ति के अधिहरण करने विषयक कार्यवाही।

संदर्भ:- इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/1225 दिनांक 12.06.2023,1298 दिनांक 04.07.2023 एवं आपका आवेदन दिनांक 20.07.2023।

सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 12.01.2023 को समय लगभग 3.48 ए.एम. बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वीट मगरा के कक्ष क्रमांक आर. एफ. 327 में फोर्स टेम्पों टेक्स गामा क्रमांक MP - 15,A 4052 द्वारा गीली जलाऊ लकड़ी 3/4 फड़ी को अवैध भरकर परिवहन करने पर निम्न वर्णित वन अपराध को घटित करने में प्रयोग होने के कारण निम्न वर्णित संपत्ति अभिग्रहीत की गई है तथा उसके अधिहरण की कार्यवाही का प्रकरण अधोहस्ताक्षर कर्ता अधिकारी के कार्यालय में विचाराधीन है।

वन अपराध अधिनियमों की धाराएं जिनके अंतर्गत वन अपराध हुआ है संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

दिनॉक 12.01.2023 को समय लगभग 3.48 ए. एम. बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वीट मगरा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 327 में फोर्स टेम्पों टेक्स गामा कमांक MP-15,A- 4052 द्वारा गीली जलाऊ लकड़ी 3/4 फड़ी को अवैध भरकर परिवहन करते पाये जाने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं 41 का उल्लंघन पाये जाने पर वन अपराध पी.ओ.आर.कं . 1418/73 दिनांक 12.01.2023 जारी किया जाकर वाहन फोर्स टेम्पों टेक्स गामा क्रमांक MP - 15, A-4052 को शासकीय अभिरक्षा में रखा गया ।

उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु क्रमश: 30.06.2023, 20.07.2023, 05.08.2023, 05.09.2023 नियत की गई थी लेकिन आपके द्वारा बचाव उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया हैं। अत: प्रकरण की सुनवाई हेतु पुन: दिनॉक 09.10.2023 नियत की जाती हैं, नियत तिथि को स्थान उप वन मंडल कार्यालय बण्डा में समय दिन के 11 बजे कार्यवाही नियत की गई है।

अत: एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता हैं कि आप नियत तिथि, स्थान, समय पर उपस्थित होकर आपकी जप्तशुदा संपत्ति क्यों ना अधिहरण की जावे इसके संबंध में साक्ष्य अभिलेख आदि प्रस्तुत करे। अथवा **आप अपना बचाव उत्तर पत्र पावती के 07 दिवस में प्रस्तुत करें।** यदि आप उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होगे तो आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**( मंगल सिंह चौहान )**
जी-20073/23 **प्राधिकृत अधिकारी एवम् उप वन मंडल अधिकारी बण्डा**

### कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सागर मण्डल सागर (म. प्र. )

दूरभाष नं. कार्यालय 07582-228042 ईमेल - seressagar@mp.gov.in
क्रमांक/1338 / निविदा / ग्रा. यां. से. / 2023 सागर दिनांक 15.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 10 / 2023-24**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 3 ( तीन लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्रं. | ग्रायांसे संभाग | टेण्डर आई.डी. नंबर | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रू.लाख में) | निविदा आमंत्रण का क्रम | Covers |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पन्ना | 2023_ RES_ 307578_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य शाहनगर रैपुरा रोड से डोभा बघनरवा रोड CH-2200 वि.ख. शाहनगर | 65.90 | प्रथम | तीन लिफाफा पद्धति |
| 2 | पन्ना | 2023_ RES_ 307581_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य रैपुरा दमोह रोड से इमलिया रोड CH - 2600 वि.ख. शाहनगर | 67.93 | | |
| 3 | पन्ना | 2023_ RES_ 307582_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य मुख्य मार्ग पीएमजी एसवाय से सुरू रोड CH-4400 वि.ख. शाहनगर | 103.03 | | |
| 4 | पन्ना | 2023_ RES_ 307583_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य मुख्य मार्ग पीएमजी एसवाय से सुरू रोड CH-6100 वि.ख. शाहनगर | 98.96 | | |
| 5 | पन्ना | 2023_ RES_ 307585_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य जमुनहाई रहुनिया रोड से पत्थरा वि.ख. पन्ना | 90.89 | | |
| 6 | पन्ना | 2023_ RES_ 307586_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य पन्ना पहाड़ीखेरा गहरा रोड से इमलोनिया वि.ख. पन्ना | 63.77 | | |
| 7 | पन्ना | 2023_ RES_ 307587_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य एनएच-75 रोड से रतगवां वि.ख. पन्ना | 85.36 | | |
| 8 | पन्ना | 2023_ RES_ 307589_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य देवपुरोहित से मढ़ियाराव वि.ख. गुन्नौर | 102.41 | | |
| 9 | पन्ना | 2023_ RES_ 307591_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य मुख्य मार्ग पीएमजी एसवाय से सुरू रोड CH-2100 वि.ख. शाहनगर | 103.03 | | |
| 10 | पन्ना | 2023_ RES_ 307592_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य बछौन कल्दा मेन रोड से गोबरदा वि.ख. पवई | 121.11 | | |
| 11 | पन्ना | 2023_ RES_ 307594_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य सलेहा पवई रोड से हीरापुर वि.ख. गुन्नौर | 118.00 | | |
| 12 | पन्ना | 2023_ RES_ 307597_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य बिल्हा से सिमरी वि.ख. गुन्नौर | 118.00 | | |
| 13 | पन्ना | 2023_ RES_ 307598_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य मुख्य मार्ग पीएमजी एसवाय से सुरू रोड CH-2300 वि.ख. शाहनगर | 115.95 | | |
| 14 | पन्ना | 2023_ RES_ 307599_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 10 मी. से अधिक स्पान की पुलिया निर्माण कार्य मुख्य मार्ग पीएमजी एसवाय से घोना रोड CH-4130 वि.ख. शाहनगर | 116.01 | | |
| 15 | दमोह | 2023_ RES_ 307600_1 | पर्यटन स्थल चौरई जनपद पंचायत जबेरा में जन उपयोगी सुविधाओं का विकास वि.ख. जबेरा | 98.00 | द्वितीय | |
| | | योग | | 1468.35 | | |

कुल योग राशि रू. 1468.35 लाख (रू. चौदह करोड़ अड़सठ लाख पैतीस हजार मात्र)

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र ( टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें । अमानत राशि (EMD ) ऑनलाईन (As per Tender website link Bank / Onlile) जमा ही मान्य की जावेगी । अमानत राशि ऑफ लाईन मान्य नहीं की जावेंगी । निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक 18.09.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 03.10.2023 समय 5.30 बजे तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (Cover-1) 'ब' (Cover-2) एवं 'स' (Cover-3 ) ऑनलाईन ही जमा / अपलोड (Submit) करने होगें। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी, केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेगी ।

जी-20099/23

**अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,सागर मण्डल, सागर**

### खस्ताहाल सड़क से राहगीर परेशान

# पीडब्ल्यूडी और नपा के पेंच में जर्जर हुए प्रमुख रास्ते



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर की सड़कें बारिश के चलते खस्ताहाल हो गई है। कुछ सड़कें तो महज 4 साल पहले बनी थी। सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त हालत नए बस स्टैंड रोड की हो गई है। गंजीखाना ग्राउंड के सामने सीएम के प्रोग्राम से पहले सड़क रिपेअर कराई गई थी, लेकिन 15 दिन के अंदर ही पूरी सड़क उखड़ गई।

दरअसल, शहर में प्रमुख सड़कें इनदिनों बदहाल है। सभी मुख्य मार्ग जर्जर हो चुके हैं। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिन पर लोगों का दो पहिया वाहन लेकर चलना भी दूभर हो गया है। इसके बावजूद कोई भी विभाग इन बदहाल सड़कों की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों को भी खस्ताहाल सड़कों से परेशानी हो रही है। अंबेडकर चौराहे से नए बस स्टैंड तक 2 किमी के दायरे में 250 गड्ढे हैं। इनमें से कई गड्ढे 9 फीट लंबे, 8 फीट चौड़े और 6-8 इंच गहरे हैं। हालत यह है कि सड़कों के गड्ढे की गिट्टी उछलकर लोगों को चोटिल कर रही हैं। इसको लेकर लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान करने की बजाय अधिकारी एक दूसरे विभाग के ऊपर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि सड़कों के कायाकल्प के लिए आई राशि से नगर पालिका की सड़कें सुधारी जाएंगी। अंबेडकर चौराहे से जिला अस्पताल तक की सड़क पीडब्ल्यूडी की है। इसकी मरम्मत के लिए जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं रहे हैं। वहीं पीडब्ल्यूडी ईई आईके शुक्ला का कहना है कि अंबेडकर चौराहा से नए बस स्टैंड तक नगर पालिका ने डिवाइडर रोड बनाई थी। इसलिए रिपेयरिंग की जिम्मेवारी भी नपा की है। शहर के सुभाष पुरम कॉलोनी वाले रास्ते में अधिकारियों के बंगले बने हैं। यह सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल है। सड़क पर जहां बड़े-बड़े गड्ढे हैं, उसके ठीक सामने पीडब्ल्यूडी इंजीनियर जीपी सोनी का सरकारी आवास है। इसी रास्ते से हर दिन पीडब्ल्यूडी ईई का आना जाना होता है, लेकिन सड़क की रिपेयरिंग नहीं कराई जा रही है।

## मुख्य बाजार में सड़क किनारे पटरी नहीं बनने से राहगीर परेशान



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बे के मुख्य बाजार में सीसी सड़क के किनारे ग्राम पंचायत के द्वारा पेवर्स बिछाए गए थे। मुख्य बाजार में नलजल योजना के अंतर्गत पानी की पाइपलाइन डालने के लिए सड़क किनारे बिछे हुए इन पेवर्सो को निकाला गया था। कई महीनो से मुख्य बाजार में इन पर पेवर्सो को बिछाने का कार्य जिम्मेदारों के द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिससे कस्बे के मुख्य बाजार से निकलने वाले वाहन चालकों को वाहन निकलने में भारी परेशानी होती है।

स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया है कि ग्राम पंचायत दिगौड़ा के मुख्य बाजार में सीसी सड़क के किनारे ग्राम पंचायत के द्वारा पेवर्सो को बिछाया गया था। गांव में एवं मुख्य बाजार में नल जल योजना की पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदार के द्वारा इन पेवर्सो को निकलवाया गया था। मुख्य बाजार से पेवर्सो से निकलने के कारण लिधौरा तरफसे आने वाले वाहनों एवं बाजार में सामान खरीदने के लिए आने वाले लोगों को अपने वाहन निकालने में भारी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि मुख्य बाजार में सड़क के किनारे पेवर्सो को पहले की तरह बिछा दिया जाए, लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा पिछले कई महीनो से इन पर पेवर्सो को बिछाने का कार्य नहीं किया जा रहा है।

# संदिग्ध अवस्था में 55 वर्षीय महिला का कुएं में उतराता मिला शव



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर के जमुनिया टेक गल्ला मंडी के पास शनिवार सुबह 55 वर्षीय महिला का शव कुएं में उतराता मिलने पर संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बल्देवगढ़ पुलिस के द्वारा बताया गया कि मृतिका भुमानीबाई रैकवार पत्नी हप्पी रैकवार उम्र 55 वर्ष जो कि 21 सितंबर से घर से बिना बताए चली गई थी।

परिजनों के द्वारा रिश्तेदारी में खोजबीन की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला शनिवार सुबह जब हप्पी रैकवार शौच के लिए गया। तो देखा कि यूनुस खान के खेत के कुआं में एक महिला का शव उतराता दिखाई दिया। वह जब पास गया तो उसने शव की पहचान अपनी पत्नी भुमानीबाई के रूप में की तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। कुएं में शव गल चुका था, जिस कारण से मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे। मौके पर ही मृतका के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के शुपुर्द किया गया। वहीं बल्देवगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। मृतिका भुमानीबाई रैकवार मानसिक रूप से विछिप्त बताई जा रही है। वही संदिग्ध परिस्थितियों में शव के मिलने से लोगों के द्वारा अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस के द्वारा बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा के लिए किया प्रेरित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ज्ञस्ट मिशन-एक प्रयास के संस्थापक एवं अध्यक्ष व सागर संभाग के विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता के. एल. वर्मा द्वारा टीकमगढ़ जिले के ग्राम नयाखेरा के शासकीय हाई स्कूल मे ज्ञस्ट मिशन- एक प्रयास के तहत स्कूल के प्राचार्य सुरेश जैन, शिक्षकगण, शिक्षिकाओं,छात्रों एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुये सर्वप्रथम ऊर्जा, जल व पर्यावरण संरक्षण के संबंध मे विस्तार से समझाते हुए इनके महत्व से अवगत कराया गया। जरूरत होने पर ही विद्युत का उपयोग करने, बारिश के दिनों मे अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करने के साथ स्वस्थ रहने हेतु भी प्रेरित किया गया।

पढ़ने, अच्छे अंक लाकर अच्छे कॉलेज मे पढ़ाई करने, उच्च पद अथवा उच्च व्यक्साय मे जाने, लक्ष्य तय करने, पढ़ने व आगे बढ़ने के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं व उनके निराकरण के संबंध मे विभिन्न छोटी छोटी कहानियों, उदाहरणों के माध्यम से विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। किसी प्रकार की समस्या होने पर समय समय पर निशुल्क सहयोग प्रदान करने हेतु भी आश्वस्त किया गया। अधीक्षण अभियंता टीकमगढ़ सरोज त्रिपाठी द्वारा भी ऊर्जा संरक्षण , स्वास्थ आदि विषयों पर बच्चों को समझाया। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी के अतिरिक्त कार्यपालन अभियंता नवीन कुमार, सहायक अभियंता रामनिवास गुर्जर, सुभम त्यागी, आशुतोष तिवारी, जिले के मिशन के अध्यक्ष मनोज अवस्थी, पुष्पेंद्र यादव, मानवेन्द्र पटेल आदि के साथ नयाखेरा के शासकीय हाई स्कूल प्राचार्य सुरेश जैन ,समस्त शिक्षकगण एवं छात्र छात्राये उपस्थिति रहे। मुख्य अभियंता महोदय द्वारा प्रदान किये मार्गदर्शन हेतु स्कूल के प्राचार्य सुरेश जैन एवं समस्त शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं द्वारा मुख्य अभियंता को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुये सादर धन्यवाद एवं आभार प्रेषित किया गया एवं अनुरोध किया गया कि भविष्य मे भी इस प्रकार की क्लास आयोजित कर मार्गदर्शन दिया जायें। जिस पर मुख्य अभियंता महोदय द्वारा समय की उपलब्धता अनुसार पुनः इस प्रकार की कक्षा आयोजित करने के लिए आश्वास्त किया गया।

# महाविद्यालय में प्रवेश के लिए सीटें बढ़ाने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया में हो रही परेशानियों को देखते हुए सीटें बढ़ाने मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल, सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग सागर संभाग एवं कुलपति महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के नाम कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन जब समस्या का निराकरण नहीं हुआ। तो शनिवार को राज्यमंत्री राहुल लोधी मध्य प्रदेश शासन को एबीवीपी कार्यकर्ताओं के द्वारा ज्ञापन सौंपकर बताया कि बल्देवगढ़ महाविद्यालय में सीटें भर गई हैं, जिससे सैकड़ो छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है और वह प्रवेश पाने के लिए भटक रहे हैं। महाविद्यालय में क्षमता अनुसार बीए संकाय की सीटों में 10 प्रतिशत वृद्धि की जाए, जिससे वंचित छात्र-छात्राएं को प्रवेश मिल सके और बह प्रवेश प्रक्रिया से वंचित ना हो पाए। इस अवसर पर नगर मंत्री अंबर जैन, हरप्रसाद रैकवार, सूरज रैकवार, दीपक चौरसिया, अवी रैकवार, रोहन बरार, अजय चौरसिया ,बृजेश रैकवार, अरुण रैकवार ,राजेंद्र राजपूत समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वर्मामांझ में क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** दिगौड़ा क्षेत्र के ग्राम बर्मामांझ के हनुमानजी मंदिर में क्षत्रिय समाज की क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ग्राम दिगौड़ा, खरोई, विजरावन, मिडोरा, विघा, धामना, सैराई, लुहरगुवां, बर्मामांझ, बर्माडांग, बर्माताल, भगवंतपुरा, बिलगांय, पनियारा खेरा, मजगुवां सहित अन्य ग्रामों के क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ लोगों ने भाग लिया।

इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमें महेन्द्र सिंह बुंदेला निवासी बिजराबन को क्षेत्रीय क्षत्रिय समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और राव राजा बुंदेला निवासी लुहरगुवां को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान क्षत्रिय समाज के उपस्थित समस्त सदस्यों एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल दिगौड़ा अध्यक्ष प्रताप सिंह ठाकुर ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से भगवान सिंह बुंदेला, जगभान सिंह बुंदेला, गोविंद सिंह बुंदेला, चंदन सिंह बुंदेला, कोमल सिंह सोलंकी, राम सिंह परमार, रणवीर सिंह सोलंकी, प्राण सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, बलवंत सिंह बुंदेला, जंडेल सिंह बुंदेला, जवाहर सिंह परमार, विजय सिंह बुंदेला, राजेंद्र सिंह बुंदेला, हरदेव सिंह चौहान ,चंद्रपाल सिंह बुंदेला, राम सिंह बुंदेला, लल्लू राजा बुंदेला, नोने राजा ठाकुर, पेटी राजा ठाकुर सहित अन्य क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ व्यक्ति उपस्थित हुए।

## जिला अस्पताल में गुटखा, तंबाकू, गुटखा खाने बालो से वसूले गए 1150 रुपए

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला अस्पताल परिसर में अस्पताल प्रबंधन ने गुटखा खाने वालो पर चलानी कार्यवाही कर जुर्माना वसूला है। जिला अस्पताल परिसर में गुटखा खाने व थूकने पर 24 लोगों पर चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में एक हजार एक सौ पचास रुपए वसूले गए। उक्त जानकारी देते हुए सहायक प्रबंधक जिला अस्पताल डॉ श्रीमती अंकुर साहू एबं गार्ड इंचार्ज सद्दाम खान ने बताया की राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम कोटपा की धारा 4 के तहत उक्त कार्यवाही कर जुर्माना वसूला गया है। डॉ श्रीमती अंकुर साहू ने बताया कि इस दौरान मरीजों के अटेंडरों को गुटखा तंबाकू का सेवन न करने की समझाइश भी दी गई है। अभी प्रति व्यक्ति 50 रुपये जुर्माना बसूला जा रहा है। और अगर इसके बाद भी जिला अस्पताल परिसर में गुटखा तम्बाकू का सेवन करना व थूकना जारी रहा तो जुर्माना की राशि 200 रुपये तक बढ़ाई जा सकती है।

कार्यवाही के दौरान सहायक प्रबंधक डॉ श्रीमती अंकुर साहू के साथ आरएमओ डॉक्टर डीएस भदोरिया, पुलिस स्टाफ आदर्श शर्मा, ओपीडी प्रभारी अजय प्रजापति, सिक्योरिटी गार्ड इंचार्ज सचिन श्रीवास्तव, सद्दाम खान और ओपीडी प्रभारी अजय प्रजापति राहुल विश्वकर्मा आयुष्मान जिला समन्वयक मौजूद रहे।

## 230 में से 150 सीट जीतेगी भाजपा, कांग्रेस से जनता का विश्वास उठा: लालसिंह

**मुरैना, देशबन्धु।** शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में भाजपा 230 में से 150 सीट जीतकर फिर से सरकार बनाएगी और बाकी सीटों में कांग्रेस बंटवारा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कितने भी झूठे वादे कर ले, लेकिन जनता का विश्वास उनसे उठ गया है। श्री आर्य ने जन आशीर्वाद यात्रा के समापन पर प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित प्रेस वार्ता के तहत मुरैना में मीडिया को संबोधित किया।

लाल सिंह आर्य ने केंद्र एवं भाजपा सरकार की उपलब्धियां का बखान किया और कहा कि महिला सशक्तिकरण को भाजपा ने हमेशा प्राथमिकता दी है तथा प्रधानमंत्री द्वारा 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण



का बिल पास कराकर उदाहरण पेश किया है। उन्होंने प्रदेश भर में निकाली गई जन आशीर्वाद यात्रा को सफल बताया और कहा कि लोगों ने फिर से भाजपा पर विश्वास जताया है और इस बार भी 230 में से 150 सीट बीजेपी जीतेगी। उन्होंने प्रदेश कि भाजपा सरकार द्वारा जनता के लिए किया जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि आज मध्य प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर विकसित राज्य बना है।

**पंडित दीनदयाल जयंती पर भोपाल में होगा महाकुंभः** अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने बताया कि 25 सितंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता का महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र देंगे। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से इसमें सहभागिता दर्ज करने की बात कही है।

# समाज में बदलाव लाने के लिए निरंतर काम कर रहा हूंः शिवराज

### मुख्यमंत्री ने किया 312 करोड़ से अधिक कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

**भेरुन्दा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मैं सामाजिक क्रांति हूं और लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने दिनरात काम कर रहा हूं। मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूं। जैसे सब लोग अपने परिवार की चिंता करते है, वैसे ही मैं अपने प्रदेश रूपी परिवार की चिंता करते हुए सुख सुविधाए देने के लिए निरंतर काम कर रहा हूं। यह बात मुख्यमंत्री चौहान ने भैरून्दा के ग्राम मंडी में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन तथा लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर उन्होंने 312 करोड़ रूपए के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री चौहान ने गत दिवस की गई 21 से 23 वर्ष की अविवाहित बहनों को भी लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित करने की बात को दोहराते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से बहनों को घर परिवार के साथ ही समाज में भी सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि मैंने बहनों को पैसे ही नहीं, सम्मान भी दिलवाया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा 6000 रूपए दिए जाते है, अब प्रदेश सरकार की ओर से भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 6000 रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। इससे किसानों को प्रतिमाह 12000 रूपए की राशि मिल रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आज 190 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सीप अंबर सिंचाई परियोजना काम्प्लेक्स फेस-2 का भूमिपूजन किया है। इस परियोजना के पूरा हो जाने के बाद 26 गांवो की 13 हजार 457 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। इस परियोजना में नर्मदा नदी से पम्प हाऊस के माध्यम से पानी



लिफ्ट कर प्रेशेराइज्ड पाइप प्रणाली और स्काडा तकनीकी द्वारा सिंचाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि 77 करोड़ 59 लाख की लागत से बनी नीलकंठ पेयजल परियोजना से पेयजल प्रदाय कार्य का भी आज शुभारम्भ किया गया है। इससे अब 44 ग्रामों के 6374 घरेलू नल कनेक्शनों के द्वारा लगभग 39,608 लोगो को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज मण्डी में 11 करोड़ 92 लाख की लागत से ग्राम टिगाली (त्रिवेणी संगम) में घाट, रिटेनिंग वॉल एवं एप्रोच रोड़ निर्माण कार्य, 11 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत से सातदेव घाट एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य, चार करोड़ 3 लाख रूपए की लागत से मण्डी में घाट एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य, 2 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से खडगाँव बेराज, 2 करोड़ 76 लाख रूपए की लागत से सोयत बेराज, 2 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से रेमलबाबा बेराज, 2 करोड़ 47 लाख रूपए की लागत से आगरा 2 बेराज, दो करोड़ 9 लाख 60 हजार रूपए की लागत से सीलकंठ मेन रोड से मुक्तिधाम तक मार्ग निर्माण तथा 2 करोड़ 06 लाख रूपए की लागत से सतराना बेराज के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। इन सभी निर्माण एवं विकास कार्यों के पूर्ण होने से आमजन को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री चौहान ने एक करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से नीलकंठ में घाट निर्माण कार्य तथा 81 लाख रूपए की लागत से मण्डी में घाट निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया। इस दौरान अनेक बहनों द्वारा मुख्यमंत्री चौहान को राखी भेंट की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद रमाकांत भार्गव, इछावर विधायक करण सिंह वर्मा, सिलवानी विधायक रामपाल सिंह, आष्टा विधायक रघुनाथ मालवीय, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत, आदिवासी वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर,

## सार समाचार

### पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**दमोह देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह में नियुक्त पैरालीगल वालेंटियर्स के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ए.डी.आर. भवन न्यायालय परिसर दमोह में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण करके किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज शरत चंद सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अंजनी नंदन जोशी, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय, षष्ठम जिला न्यायाधीश अजयकांत पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स को संबोधित करते हुये कहा आपके पद के नाम में ही सामाजिक कार्यकर्ता निहित है। अत: आप आर्थिक लाभ के बारे में न सोचते हुये समाज सेवक के रूप बेहतरीन कार्य करें तथा शोषित एवं पीड़ितों की मदद कर उन्हें न्याय दिलाने में सहायता करें। पैरालीगल वलेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत उनको प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किये गये।

### सत्संग से हरि प्राप्त: अरविंद महाराज

**दमोह देशबन्धु।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित परशुराम टेकरी पर चल रही 21 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है जहॉ पंडित अरविंद महाराज अपनी तीखी वाणी में भक्तों को श्रीराम कथा का रस पान करा रहे है हरि को प्राप्त करने सत्संग के बिना संभंव नही है सत्संगति दुलर्भ संसारा निमिष दंड भरि एकहि वारा। अर्थात संसार में यदि हरि कथा मिल जाये तो अपना भाग्य समझो चूकि संसार मनुष्य को सत्संग से और हरि से दूर कर देता है चूकि धर्म और भक्ति श्रृद्धा और विश्वास के मिलन से ही संभव है चूकि भगवान शंकर भक्ति के दाता है इसलिये शिव पूजन, आराधना से संसय दूर होते है किसी भी भगवान को मानो परंतु शिव जी की भी आराधना पूजा अवश्य करो।

पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

# मतदान प्रक्रिया को सूक्ष्मता से समझें : कलेक्टर



**दमोह देशबन्धु।** दमोह बरपटी पहाड़ी पर नवनिर्मित मॉडल कॉलेज में शनिवार को दो पाली में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा माइक्रो आब्जर्बर का कार्य संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करना एवं उसकी रिपोर्ट पर्यवेक्षक को सौंपना हैं। अत: सभी का दायित्व है की संपूर्ण प्रक्रिया को सूक्ष्मता से समझे तथा कहीं पर भी कोई समस्या हो तो मास्टर ट्रेनर से उसका समाधान करें। इस अवसर पर प्रशिक्षण दल के सभी सदस्य डी पी सी मुकेश द्विवेदी, प्राचार्य एस एन हसन, डॉ आलोक सोनवलकर, मॉडल कॉलेज के प्राचार्य कीर्ति काम दुबे, मोहन राय, दिलीप जोशी, मुकेश गुजरे, प्रेमलता उपाध्याय, रेखा सिंह, सविता महोबिया, मनीष नेमा, शैलेंद्र दुबे, अखिलेश सोनी, अतुल तिवारी, नरेंद्र राय, जय कुमार जैन, रूपचंद पटेल, मास्टर ट्रेनर की उपस्थिति रही। पोस्ट बैटल वॉलेट का प्रशिक्षण संजीव मिश्रा सहायक संचालक एवं प्राचार्य अनिल जैन द्वारा दिया गया।

### 6 कर्मचारियों को किये कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी हेतु आयोजित समीक्षा बैठक 21 सितम्बर 23 की बैठक में दूरभाष पर सूचना देने के उपरांत कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने 06 अधिकारियों यथा एसएसएसईडी नगर पालिका हटा यशस्विनी गजोरिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत पथरिया महेश कुमार सेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत दमोह आलोक तिवारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत जबेरा अभिषेक उपाध्याय, कम्प्यूटर प्रोग्रामर परियोजना संचालक आत्मा दमोह हर्षिता श्रीवास्तव एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पीएमजीएसवाई-पीआईयू-1 दीपक कुमार सेन को कारण बताओ नोटिस जारी किये है। जारी आदेश में कहा गया है कि नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर अपना उत्तर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाये। समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

## एसडीएम और तहसीलदार ने संवदेनशील मतदान केन्द्रों का लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत एसडीएम दमोह आरएल बागरी, तहसीलदार मोहित जैन एवं थाना प्रभारी देहात आनंद सिंह की संयुक्त टीम ने अनेक संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत हथना, ग्राम पंचायत बांसा तारखेडा, ग्राम पंचायत खजरी के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया एवं भौतिक सत्यापन की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी द्वारा ग्राम पंचायत में सरपंच, सचिव बीएलओ एवं ग्रामीणजनों से जाकर चर्चा की गई एवं मतदान के संदर्भ में जागरूकता संबंधी बातें बताई गई। पूछा गया कि सभी का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, कि नहीं एवं मृत्यु एवं दोहरी प्रविष्टि का जाकर सत्यापन किया। साथ ही बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर किए जा रहे, सत्यापन कार्य का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम आर एल बागड़ी एवं तहसीलदार मोहित जैन द्वारा ग्राम पंचायत खजूरी में जहां पर स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु ग्राम वासियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। वहीं पर दिव्यांग मतदाता ऋषि पटेल से भी चर्चा की। इस अवसर पर एसडीम द्वारा ग्राम के मतदाताओं से संवेदनशील मतदान केंद्र के संबंध में चर्चा की गई एवं ग्राम के व्यक्तियों से मतदान केंद्र में मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। सभी से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के संबंध में प्रेरित किया गया। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता रथ की जानकारी भी प्राप्त की। इस मौके पर सरपंच, सचिव, बीएलओ एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## सोसायटी संचालक सहित 8 के विरूद्ध आरोप तय

दमोह देशबन्धु। जिले के एक बहुचर्चित मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने आधार शिला संस्थान बाईबिल सोसायटी, बेथलेहम सोसायटी एवं मिड इंडिया क्रिश्चियन मिशन के बाल गृह के पदाधिकारियों/डायरेक्टर जिसमें डॉ अजय लाल समेत 08 अन्य आरोपियों के विरूद्ध आरोप तय किये गये हैं। अभियोजन की ओर से पैरवी गिरीश राठौर अपर लोक अभियोजक के द्वारा की गई हैं। मामला आधारशिला संस्थान बाईबिल सोसायटी, बेथलेहम सोसायटी एवं मिड इंडिया क्रिश्चियन मिशन के बाल गृह के पदाधिकारियों/डायरेक्टर कुल 09 आरोपियों के विरूद्ध उनके संस्थानों में पाई गई अनियमितताओं यथा धर्मांतरण के प्रयासों सहित अन्य अपराधों के सबंध में थाना दमोह देहात में धारा 186, 370 भादवि, 42, 75 किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम तथा 3/5 मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के अपराध में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई थी। पुलिस द्वारा अनवेषण उपरांत सभी आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में चार्जशीटें प्रस्तुत की गई थी। उक्त प्रकरण द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष आरोप तय किये जाने हेतु नियत था। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो एवं अभियोजन पक्ष की ओर से गिरीश राठौर अपर लोक अभियोजक द्वारा प्रस्तुत तर्कों से सहमत होकर न्यायालय के द्वारा आरोपी अजय लाल, जितेन्द्र हेनरी, शीतल अर्निस्टि, राजकमल डेविडलाल, डॉ मंजूला वरनवास, शीला लाल, विवेकलाल, विवर्त लाल एवं सानित लाल के विरूद्ध सभी धाराओं का अपराध प्रथम दृष्टया कारित किया जाना पाते हुए सभी आरोपियों के विरूद्ध आरोप तय किए गये हैं।

## बिजली कंपनी ने जिले में 41.13 करोड़ के बिल रोके

**दमोह देशबन्धु।** अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.,दमोह वृत्त ने बताया शासन ने विगत माह में एक किलोवाट भार वाले उपभोक्ताओं के बिजली बिल स्थगित करने का फैसला किया था। उक्त फैसले पर जिले में अब अमल होना भी शुरू हा गया है। दमोह में इस तरह के 92 हजार उपभोक्ताओं को चिह्नित किया गया। उक्त उपभोक्ताओं पर 41 करोड़ 13 लाख की राशि बकाया है। इन सभी लोगों के बिलों की समस्त राशि को स्थगित कर दिया गया है। 31 अगस्त के बाद से जो बिल जारी किए जा रहे हैं, उनमें सिर्फचालू माह का ही बिल आ रहा है, यानि अक्टूबर माह में इन समस्त उपभोक्ताओं की बिजली बकाया राशि शून्य करते हुये चालू माह का ही बिल मिलेगा। उन्होंने बताया नये बिल के लिये सॉफ्टवेयर अपडेट किया गया है। शासन के उक्त फैसले को लेकर बिजली कंपनी ने तत्परता से काम शुरू कर दिया है। इसके लिये कंपनी को मीटर रीडरों की क्यूआर कोड मशीनों से ली जाने वाली रीडिंग को सॉफ्टवेयर के जरिये एडजस्ट करना होगा। ताकि इस महीने बिल देने के लिए पहुंचने वाले मीटर रीडर जब मीटर के क्यूआर कोड को स्कैन करें तो बिल में बकाया राशि न आये। बिजली वितरण कंपनी को राज्य शासन से इस बात के निर्देश मिले थे कि इस महीने उपभोक्ताओं को बिजली बिल जीरो रूपये, करक दिया जाये। कंपनी के अधिकारियों की मानें तो जिले में 1 किलोवॉट भार के कनेक्शन वाले 92 हजार उपभोक्ताओं को चिह्नित किये गये हैं इन उपभोक्ताओं पर 41 करोड 13 लाख से अधिक की रूपये बकाया थे, जिसे अब स्थगित कर दिया गया है।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, दमोह द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, जूडो, कुश्ती, योगासन, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, तैराकी, शतरंज खेलों का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में खेल प्रशिक्षण केन्द्र एस.पी.एम. नगर, होमगार्ड खेल मैदान एव डीपीएस विद्यालय इन्डोर हाल में किया गया। उक्त खेलों में विकासखण्ड से चयनित 18 वर्ष के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पूर्व कृषि मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया द्वारा जिला खेल अधिकारी सैफुल्लाह खान जी एवं नेहरू युवा केंद्र की ओर सोमनाथ विश्वकर्मा द्वारा मेडल वितरित किए गए।

### अरुण यादव ने की जयस संगठन के कार्यकर्ताओं से मुलाकात



**पन्ना, देशबन्धु।** बीते दिवस जन आक्रोश रैली का नेतृत्व करते हुए पन्ना पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरूण यादव ने स्थानीय विश्राम गृह में जयस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ मुलाकात की तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी को सहयोग करने की अपील की। बैठक के बाद श्री यादव ने कहा कि जयस संगठन आदिवासियों एवं गरीबो के पूरे प्रदेश में सक्रिय होकर काम कर रहा है। कांग्रेस पार्टी भी गरीबो और आदिवासियों पिछड़ो के अधिकारो के लिए संघर्ष कर रही है। विधानसभा चुनाव में जयस संगठन का साथ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा जिससे कांग्रेस की स्थिति और अधिक मजबूत होगी और बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनेगी। आयोजित बैठक में जयस के कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल सिंह प्रवक्ता जयराम यादव, संरक्षक देवू गौड़ द्वारा जिले में आदिवासियों किसानो पिछड़ो के हो रहे शोषण अन्याय अत्याचार की जानकारी देते हुए बताया कि लगातार जयस संगठन गांव-गांव जाकर समाज के लोगो को जागरूक करते हुए उनके लिए लडाई लड़ रहा है। जयस पदाधिकारियों ने बताया कि पन्ना जिले में आदिवासी समाज के निर्णायक मत है। ऐसे में जिले में एक विधानसभा क्षेत्र से जयस के कोटे से कांग्रेस पार्टी को एक सीट देना चाहिए। इस दौरान जयस से जिला सचिव रामशरण, कोषाध्यक्ष राजकुमार, उपाध्यक्ष दीपेन्द्र आदिवासी, मोहन गोड़ संतान आदिवासी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मीना यादव के निवास पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना प्रवास पर जन आक्रोश रैली लेकर आये कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने पन्ना जिला मुख्यालय में वरिष्ट कांग्रेस नेत्री मीना यादव पूर्व प्रत्याशी के निवास पहुंचकर मुलाकात की इस दौरान श्रीमती यादव ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात् स्वल्पाहार कराया गया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस पार्टी के अनेक नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## भाजपा सरकार से किसान परेशान, युवा बेरोजगार है: लोधी



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने ग्राम बमनोदा, डहरा, केवलारी, बर्धघाटी, बिलतरा, गोपालपुरा, टेढ़ मेहगुआ, में जनसम्पर्क किया एव दु:खद परिवारो में पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं ग्रामीण जन की समस्याओं को सुना अधिकारियों को अवगत कराया, ग्रामीणों ने बताया कि हमारे बड़े सिचाई के साधन नही है पूर्व विधायक ने कहा कि हमारी कांग्रेस की सरकार बनते ही हम सब मिलकर सिचाई के लिए बड़े संसाधनों बनाया जाएगा साथ ही वर्तमान में भाजपा शिवराज सरकार में किसान परेशान है ,युवा बेरोजगार है, बिजली के ट्रांसफार्मर सेकड़ो की तादात में जले पड़े है एवं मध्यप्रदेश के हर व्यक्ति को कर्ज के बोझ पर लाद दिया है 50 प्रतिशत कमीशन खोरी की सरकार है ऐसी भ्रष्टाचारी सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम में साथ मे इमरत यादव, सुरेंद्र सिंह मंडलम अध्यक्ष, राघवेंद्र सिंह, कलू सिंह, दशरथ सिंह, टीकाराम यादव पूर्व मंडलम अध्यक्ष, शुभम सिंह आदि समस्त ग्रामवासियों सहित कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

## महिला कर्मचारी के साथ मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई न किये जाने पर कलेक्टर एवं एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा



**दमोह देशबन्धु।** जिले के समस्त सचिव एवं सहायक सचिव के द्वारा कलेक्टर एवं एसपी के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें 21 सितम्बर 2023 के दिन अनीता अहिरवाल के साथ सरपंच पति सुरेंद्र साहू पुत्र सचिन साहू, रमेश साहू इन तीनों के द्वारा गाली-गलौज कर अनीता अहिरवाल को मारा गया एवं जातिगत अपमान भी किया गया तथा पारिवारिक धमकी की भी दी गई कि अगर आप मेरे विरोधियों का कार्य करते हैं तो आपको और आपके परिवार को हम गांव में नहीं रहने देंगे तथा शासकीय कार्य में बाधा डाली गई तथा शासकीय दस्तावेज भी फाड़ दिए गए। महिला कर्मचारी के द्वारा हिंडोरिया थाने में रिपोर्ट लिखी गई तो रिपोर्ट केवल सरपंच पति सुरेंद्र साहू के नाम से लिखी गई जब कि उनके साथ दो व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं किया गया जिसके चलते जिले भर के सचिव, सहायक सचिव, इंजीनियर ,कंप्यूटर ऑपरेटर , पीसीओ ,आदि समस्त लोग उपस्थित रहे अगर तीन दिन के अंदर कार्यवाही नहीं होती है तो समस्त जिले के सचिव, सहायक सचिव मिलकर जिला व्यापी हड़ताल पर रहेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष दिलीप पाठक, सचिव संघ जिला अध्यक्ष वीर सिंह लोधी, सहायक सचिव संघ जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर स्नेह लता गुप्ता इंद्र विशाखा ठाकुर अर्चना टेकराम रोली सौरभ ठाकरे इंजीनियर अमित अहीरवाल इंजीनियर नितिन जैन परवेज खान अर्जुन पटेल हेमंत पटेल नीरज पटेल प्रताप सिंह लोधी रामशंकर मिश्र सुनील तिवारी हनुमत सिंह लोधी राजेश सिंह लोधी गणेन पटेल थान सिंह लोधी भानू प्रताप धर्मेंद्र रामकिशन खेतचंद गणेश महेन्द्र तुलसी रमेश राजेश आदि की उपस्थिति रही।

## समूह संचालक महासंघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रांतीय समूह महासंघ मप्र के बैनर तले प्रदेश के समस्त पीएम पोषण एवं सांझा चूल्हा कार्यक्रम का संचालन कर रहे सहायता समूहों द्वारा 32 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि दिनांक 1 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल चूल्हा बंद आंदोलन किया जा रहा था जिसके तारतम्य में शासन द्वारा मांगों के निराकरण का आश्वासन दिए जाने के उपरांत अनिश्चितकालीन हड़ताल चूल्हा बंद आंदोलन समाप्त कर पुन: समूह संचालक माताएं पीएम पोषण एवं साझा चूल्हा कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से करने लगी थी। लेकिन आज दिनांक तक शासन ने हमारी मांगो को पूरा नही किया है। सिर्फ एक मांग पीएम पोषण योजना में कार्यरत रसोईया के मानदेय बढ़ाए जाने की घोषणा की वह भी पूरी नहीं की गई वहीं आंगनबाड़ी में कार्यरत रसोईया के मानदेय पर कोई विचार नहीं किया गया उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है तथा हमारी जो अन्य शेष आवश्यक मागें थीं उन पर कोई विचार नहीं किए जाने से हम पुन: हड़ताल 25 सितम्बर से कर रहें है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी शासन की होगी संघ की पूर्ण मांगे इस प्रकार है। सांझा चूल्हा कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में सुविधा अनुसार राशि एवं खाद्यान्न जारी किया जा रहा है अत: इसमें रोक लगाकर नाश्ता दर रुपए पांच रूपये के स्थान पर 10 रूपए की जाये एवं गर्भवती धात्री दर नौ रूपये पचास पैसे के पन्द्रह रूपये किया जाये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज हितग्राही संख्या 100 प्रति. के मान से राशि एवं खाद्यान्न जारी कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत रसोइयों का मानदेय 500 से बढ़ाकर रुपये 2000 कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शालाओं में खाद्यान्न एवं राशि तीन चार माहों तक प्राप्त नहीं होती इस कारण भोजन संचालन बाधित होता है अत: वर्ष 2018 के अनुरूप माह के प्रथम सप्ताह में आवंटन प्रदाय सुनिश्चित कराया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों के देयकों का भुगतान समय पर किया जाये।

### नशा मुक्ति को लेकर रैली आज

**पन्ना, देशबन्धु।** भगवती मानव कल्याण संगठन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में जिले को पूर्ण नशा मुक्त बनाने हेतु विशाल नशामुक्ति रैली का आयोजन आज 12 बजे से किया जा रहा है। जो पन्ना नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जायेगी तथा लोगो से नशा छोडने का आवाहन किया जायेगा तथा उसके बाद राज्यपाल के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा जायेगा। उक्त जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी गजेन्द्र साहू द्वारा दी गई।

## शिवाजी महाराज की पुस्तक का विमोचन



**दमोह देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देश पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा महर्षि अरविंद की जन्म जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत दमोह के सभागार में किया गया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद कुमार प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद दिनेश उमरिया द्वारा की गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दमोह प्रीति ठाकुर एवं समाजसेवी डॉक्टर सोनल राय बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता और अरविंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विनोद कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इस अमृतकाल में आज हम जिन महापुरुष का स्मरण कर रहे है, उनका भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महर्षि अरविंद का जीवन दर्शन सभी देशवासियों के लिए प्रेरणाप्रद रहा है। उन्होंने महर्षि अरविन्द जी की जीवनी को पढ़ने, समझने और अनुसरण करने का प्रयास करने को कहा। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

## तीर्थंकर पुष्पदन्त नाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक मनाया



**दमोह/हटा देशबन्धु।** नगर में जैन पर्वराज पर्यूषण पर्व की धूम मची हुई है, चारों जैन मंदिर में सुबह से ही णमोकार मंत्र सुनाई देने प्रारंभ हो जाते है, उत्साह एवं संगीतमय आयोजन के साथ अभिषेक पूजन विधान हो रहे है, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में राजस्थान सांगानेर से पधारे भैया अभिषेक जैन शास्त्री के निर्देशन में तीर्थंकर श्री पुष्पदंत नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। मंदिर जी में प्रात: काल श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान के साथ भगवान पुष्पकदन्त् नाथ जी को निर्माण लाड़ू चढाया गया, भक्तों के द्वारा सामूहिक नृत्य करते हुए संगीत की स्वरांजलि के साथ निर्माण लाड़ू श्रीजी का समर्पित किया गया। अभिषेक शास्त्री ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि हमे अपनी आत्मा को असत्य से सत्य की ओर की ले जाना है, पर्व के पांचवे दिन आज उत्तम सत्य के दिन अपने अंदर आत्मा में सत्य धर्म को अवतरित करना है, दश लक्षण धर्म के जो 10 धर्म है उन्हे जब तक हम अर्न्तमन से अवतरित नही करते तक हमारी आत्मा का कल्याण नही होगा, ये 10 धर्म ही संसार सागर से पार लगाने वाले है, व्यक्ति अपना पूरा जीवन अज्ञानता में गवां देता, बाद में पछताता है कि हमें भगवान ने जो सत्य अहिंसा का मार्ग दिखाया है उस पर चलना था, तभी यह जीवन सार्थक होता, सत्य कभी भी पराजित नहीं होता है जबकि एक झूठ छिपाने के लिए कई झूठ बोलने पडते है । इसी अवसर पर के अवसर पर आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर बाल संस्कार पाठशाला हटा के बच्चों द्वारा श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन त्रिमूर्ति मंदिर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में स्वप्न आचार्य श्री जी का नाटिका का मंचन किया गया। जिसमें समाज के लोगों को हथकरघा के वस्त्र पहनने और स्वावलंबी जीवन जीने का महत्व बताया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी आदित्य भैया ने किया। कार्यक्रम में पाठशाला के अध्यक्ष गौरव सिंघई, पाठशाला की शिक्षिका बहिन प्रिया जैन , मालती जैन , वंदना जैन, वर्षा जैन ने अपना सहयोग प्रदान किया।





स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

देशबन्धु

# आज के शासकीय विद्यालय, निजी विद्यालयों से अच्छी शिक्षा देने का कार्य कर रहे : कलेक्टर

## शिक्षक संदर्भ सामूहिक सेमिनार एवं सम्मान समारोह संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** आज के शासकीय विद्यालय, निजी विद्यालयों से अच्छी शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। शिक्षक पाठ्य पुस्तकों के माध्यम से शैक्षणिक कार्य करें, जिससे कि विद्यार्थियों के दिल और दिमाग में विषय उतर जाए। उक्त विचार कलेक्टर दीपक आर्य ने कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में शिक्षक संदर्भ समूह के सम्मान समारोह कार्यक्रम में व्यक्त किये। कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि सभी शासकीय विद्यालयों में अब निजी विद्यालय की तर्ज से अच्छी शिक्षा देने का कार्य किया जाने लगा है और सभी विद्यालयों में राज्य शासन के द्वारा सर्व सुविधा युक्त व्यवस्थाएं एवं शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। सभी शिक्षकों को मैं नमन करता हूं जिनके प्रयासों से आज सागर जिला शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मेरा परिवार भी शिक्षा से जुड़ा हुआ है। मैं सभी शिक्षा विभाग की गतिविधियों एवं समस्याओं को आसानी से समझता हूं और उनको दूर करवाने का प्रयास करता हूं। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण डॉ. मनीष वर्मा ने कहा कि आज बड़ा सौभाग्य का दिन है कि जिले के शिक्षकों के बीच कलेक्टर दीपक आर्य मौजूद है। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों का आप सभी शत प्रतिशत पालन करते हुए शिक्षण कार्य करें जिससे कि जिले का शैक्षणिक वातावरण अच्छा हो सके। शिक्षक संदर्भ समूह की जिला समन्वयक कृष्णा साहू ने कहा कि आज शिक्षक संदर्भ समूह के द्वारा जो सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है यह सभी शिक्षकों का निरंतर प्रयास है जिसके कारण ही आज यह सब संभव हो सका है। सम्मान समारोह में कलेक्टर दीपक आर्य के द्वारा 5 सितंबर को सम्मानित हुई ज्ञानोदय विद्यालय की शिक्षिका शालिनी जैन को साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मानित किया। तत्पश्चात अन्य शिक्षकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाहीन एजाज एवं एमके सिंदे ने किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, गिरीश मिश्रा, एम कुमार, कृष्णा साहू, महेशदत्त त्रिपाठी सहित शिक्षक संदर्भ समूह के शिक्षक एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### महाविद्यालय जन भागीदारी समिति की बैठक आयोजित

**राहतगढ़, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम अशोक कुमार सेन के मार्गदर्शन में प्रबंधन एवं वित्तीय समिति का गठन कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें महाविद्यालय छत की रिपेयरिंग कराने, सीसीटीवी कैमरा सुधार कराए जाने, अध्ययन छात्राओं की यूनिफॉर्म आइडेंटी कार्ड अनिवार्य करने एवं परिसर में सौंदर्यकरण, पौधारोपण करने आदि निर्णय लिए गए। इस मौके पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष कौशल किशोर कन्हौआ, प्रीति ठाकुर, प्रशांत चौरसिया, संदीप शुक्ला, राजकुमार कपूर, शुभम पाराशर सहित महाविद्यालय की शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकार महिलाओं के हित में अनेक कार्य कर रही है: सरोज सिंह



**खुरई, देशबन्धु।** शनिवार को चार वार्डों में भाजपा खुरई नगर मंडल द्वारा वार्ड वार महिला सम्मेलनों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरोज सिंह ने दीनदयाल वार्ड के संत भवन, नानक वार्ड में अम्बेडकर मूर्ति के पास, टैगोर वार्ड में संजीवनी क्लीनिक के पास एवं अम्बेडकर वार्ड में संत रविदास सत्संग भवन में आयोजित महिला सम्मेलनों को संबोधित किया। सम्मेलन में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने सरोज सिंह का पुष्प व साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। आयोजित महिला सम्मेलनो में सरोज सिंह ने कहा कि प्रदेश व देश की भाजपा सरकार महिलाओं के हित में अनेक कार्य कर रही है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास कराया है। वहीं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को 1250 रूपए प्रतिमाह देने का काम किया है। इसी क्रम में मंत्री भूपेन्द्र सिंह के अथक प्रयासों से खुरई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60 हजार महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। क्षेत्र में जो बेटियां उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लातीं हैं तो उन्हें लेपटॉप, स्कूटी दी जाती है, उनका सम्मान किया जाता है। महिला सम्मेलन में सरोज सिंह ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी।

## सार-समाचार

### बीजेएस द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** भारतीय जैन संघटना मकरोनिया द्वारा श्री ऋषभनाथ स्थानम जैन मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, मकरोनिया चैप्टर कार्यकारी अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि बड़े बाबा का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जिला अध्यक्ष मनोज जैन लालो, जिला सचिव सुकमाल जैन, जिला कोषाध्यक्ष संजय दिवाकर, चैप्टर अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने किया। 43 बच्चे विभिन्न रूपों में चंद्रयान. 3, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, धार्मिक पात्रो, नेताजी के रूप में, पानी बचाओ एवं आर्मी की ड्रेस में प्रस्तुतियां दी, जिसमें प्रथम श्रुति जैन, द्वितीय भव्या जैन एवं तृतीय पुरस्कार सिद्धि जैन ने प्राप्त किया। पुरस्कार अरुण नीलम घुवारा, महेंद्र जैन के सौजन्य से प्राप्त हुए, सभी ने बच्चों की सराहना की एवं भारतीय जैन संघटना मकरोनिया चैप्टर के कार्यों की तारीफ की। संचालन इंजी. सुमत जैन, अरविंद जैन ने किया। चैप्टर कार्यकारी अध्यक्ष सुनील जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



**सागर, देशबन्धु।** राधा अष्टमी पर शोभायात्रा का स्वागत जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, सह प्रभारी सुरेन्द्र रघुवंशी, मुकुल पुरोहित, आशीष ज्योतिषी आदि उपस्थित थे।

### जगह जगह सजी गणेश की झांकी



**गौरझामर, देशबन्धु।** गणेश उत्सव की धूमधाम देखी जा रही है गणेश चतुर्थी के दिन से प्रारंभ हुआ दस दिनी गणेश उत्सव का त्यौहार नगर में अनेक स्थानों पर भगवान गणेश जी की अति आकर्षक और नयनाभिराम झांकियां सजाई गई हैं। जिनके दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वैसे तो हर हिंदू के घर में प्रथम पूज्य देव भगवान गणेश जी को विराजमान कर उनकी नित्य पूजा अर्चना आरती और अनेकों धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस वर्ष भी यह त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश उत्सव का यह दस दिनी त्योहार गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास से और भक्ति भाव से मनाया जाता है। इन दिनों भजन कीर्तन और धार्मिक सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें बड़ी संख्या में लोग महिलाये बच्चे भाग लेकर इस वार्षिक उत्सव को पूरे भक्ति भाव से मानते इस त्यौहार को मनाने के लिए सभी गणेश झांकियां पर लोकगीत भजन मंडली आदि के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं और सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की दर्शन हेतु कतार लग जाती हैं, गौरझामर के अलावा आसपास की गांव में भी गणेश उत्सव की धूम देखी जा रही है।

### आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**गौरझामर, देशबन्धु।** स्थानीय पुलिस थाना गौरझामर में शांति समिति की बैठक शनिवार की शाम 6 बजे आयोजित की गई। जिसमें नवागत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शशिकांत सरयाम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आगामी त्यौहारों गणेशोत्सव, पर्यूषण पर्व आदि को शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास से मनाने हेतु सभी को आवश्यक निर्देश व मार्ग दर्शन दिए शांति समिति की। बैठक में थाना प्रभारी बृजमोहन कुशवाहा, सतोष सोनी, कुंदनलाल चौरसिया, मुकेश जैन, प्रहलाद साहू, विजय भारिल, सीताराम लोधी, प्रीतम लोधी आदि उपस्थित थे।

### दो खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल जीतकर राष्ट्रीय टीम में स्थान पाकर बीना का किया नाम रोशन

**बीना, देशबन्धु।** इंदौर में अयोजित राज्य स्तरीय 67 वीं शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने एक बार फिर जीत हासिल कर बीना नगर का नाम रोशन किया है। अब यह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता मे खेलेंगें। सागर जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव अजय राजपूत ने बताया कि बीना से बालिका वर्ग 14 में आराध्या राजपूत, गरिमा व्यास उपविजेता रही। दोनों का चयन राज्य स्तरीय टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल जीतकर शहर को गौरवान्वित किया है। विजेता रही आराध्या राजपूत, गरिमा व्यास ने बताया कि वह देश के लिए मेडल जीतना चाहती हैं। वह पढाई के बाद प्रतिदिन तीन घंटे अभ्यास करती हैं। एकलव्य अकादमी की ओर से संचालित अकादमी मे अभ्यास करती है। सागर जिले में कई साल बाद टेबल टेनिस खेल मे सिल्वर मेडल मिला है।

## एसआईसीटी कम्प्यूटर कॉलेज ने मनाया स्थापना दिवस

**रहली, देशबन्धु।** एसआईसीटी कम्प्यूटर कॉलेज की स्थापना को 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्थान में छात्र-छात्राओं को जीवन पथ पर मार्गदर्शन के लिए केरियर काउंसलिंग आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के डायरेक्टर मनीष मिश्रा ने अपने उदबोधन में कहा कि आज ही के दिन 23 सितंबर सन 2003 में शुभारंभ किया गया। संस्थान में अध्ययन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल प्रशिक्षण देने में पूरी ताकत लगा दी गयी जिसके फलस्वरूप आज नगर के सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों, स्कूल और कॉलेज में इसी संस्थान के छात्र कार्यरत हैं और बहुत अधिक संख्या में नगर से बाहर भी शासकीय और निजी विभागों में कार्यरत होकर नगर और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। 20 वर्ष बाद आज भी संस्थान अपने छात्रों को पूरी तरह से प्रशिक्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है और छात्र जब कोर्स पूरा करके संस्थान से बाहर की दुनिया में कदम रखता है तब उसको खुद पर पूर्ण विश्वास और संस्थान पर गर्व महसूस होता है। उन्होंने नगर के सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से आज संस्थान इस ऊंचाई पर पहुंचा है। कार्यक्रम में अमित मिश्रा, प्रवीण प्रजापति, अंकित प्रजापति, अनिल प्रजापति, प्रशांत प्रजापति, प्रशाली गुप्ता, रश्मिता ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### राधा रानी का जन्म उत्सव बड़े हर्षोल्लाह से मनाया

**बीना, देशबन्धु।** राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति महारास स्वामिनी सर्वेश्वरी किशोरी जू राधा रानी के मंगलमय पावन प्राकट्य उत्सव श्री राधा अष्टमी महा महोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। सुबह 5 राधे-राधे प्रभातफेरी मंडल द्वारा संकीर्तन यात्रा निकाली गई और ग्वालटोली देवी मंदिर एवं जागेश्वरी धाम पर राधा जू प्राकट्य उत्सव पर बधाई गीत पर खूब जमकर भक्तगण नाचे। वही इस्कॉन नाम हठ बीना द्वारा पाठक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर पर इस्कॉन मंदिर से पधारे अंबुजा प्रभु के सानिध्य में राधा जी का अभिषेक किया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गए तत्पश्चात प्रभुपाद रमाकांत प्रभु द्वारा विभिन्न अंचलों से पधारे भक्तों को गीता संदेश दिया एवं प्रसादी का वितरण किया गया। श्री राम जानकी सत्संग मंडल एवं गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा साहू समाज मंदिर पर भी व्याख्यान माला रखी गई।

## मोराजी विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** शास. उच्च. माध्य. विद्यालय मोराजी में सत्र 2022-23 के छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पांचवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. ललित मोहन, डीन डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विवि द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने प्रत्येक छात्र को 1500 की राशि, स्मृति चिह्न, चेक प्रतिलिपि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कक्षा पांचवीं में प्रथम हर्षित प्रजापति, द्वितीय हिमांशु कुशवाहा एवं तृतीय ओमश्री मिश्रा ने प्राप्त किया। प्राचार्य अशोक कुमार जैन ने कार्यक्रम की आयोजन को उत्कृष्ट स्वरूप देते हुए छात्रों को परिश्रम करने की सीख देने का मनोभाव व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राथ. शाला की प्रभारी जागेश्वरी कोरी ने छात्रों को शुभाशीष प्रदान किया। डॉ. ललित मोहन ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए कहा बच्चों आप अपना लक्ष्य तय कर लो। जो लक्ष्य बनाया है उसे अपनी कॉपी में दिनांक सहित लिख लो, अपने लक्ष्य को कभी भूलना नहीं। सदा प्रयास करते रहना। कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक डॉ. आशीष जैन आचार्य ने बताया कि छात्रों को श्रेष्ठ उपलिब्ध के लिए प्रतिदिन अभ्यास करना होगा। जिस प्रकार से रोग को ठीक करने के लिए समय से प्रतिदिन दवा लेनी पड़ती है वैसे ही अपने लक्ष्य को पाने के लिए समय के साथ प्रतिदिन अभ्यास करते रहना पडेगा। इस प्रसंग पर माध्य. विद्यालय के प्रभारी सुधीर सोनी ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर अनेक शिक्षकों की उपस्थति रही। बच्चों के अभिभावकों ने इस सम्मान समारोह को अपने बच्चों के जीवनोत्थान में इसे सर्वश्रेष्ठ प्रेरक निमित्त कहा।

### गीता का ज्ञान अहिंसा सिखाता है, हिंसा नहीं: नीलम बहन

**सागर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र सागर के तत्वावधान में सदर बाजार में श्रीमदभागवत गीता पर आधारित ज्ञान यज्ञ एवं राजयोग शिविर के द्वितीय दिवस में प्रवचनकर्ता राजयोगिनी बीके नीलम बहन ने शिव परमात्मा के सप्त गुणों आनन्द, ज्ञान, शांति, प्रेम, सुख, पवित्रता और शक्ति का रहस्य बताया। जब राजा परीक्षित को पता चल गया था कि मेरी मृत्यु सात दिन बाद हो जायेगी, तो उन्होंने सात दिवस की कथा करवाई और सातों दिन भगवान के लिए समर्पित कर भगवान को याद किया, जप-तप, भजन किया। अगर यदि हम में से किसी को यह पता चल जाये कि हमारी मृत्यु इस दिन होने वाली हैं तो हम व्यर्थ के विचारों में उलझ जायेंगे और नकारात्मक विचारों के प्रभाव के कारण निश्चित समय से पहले भी मृत्यु हो सकती हैं। परंतु राजा परीक्षित ने समय को व्यर्थ में न लगा कर समर्थ सर्वशक्तिमान को याद कर सफल किया। तो हमें भी अपने हर पल को सफ्ल करना है। क्योंकि परमात्मा कहते हैं हर घड़ी अंतिम घड़ी। यह शरीर रथ हैं, आत्मा को अर्थी कहते हैं। साथ ही सुबह के सत्र में म्यूजिकल एक्सरसाइज एवं तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीके छाया दीदी, आरती बहन और अन्य भाई-बहन माताएं और नगरवासी शामिल रहें।

## कौशल विकास के प्रशिक्षण से जीवन को नई दिशा मिलती है: डॉ. प्रतिभा तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** भारतीय स्त्रीशक्ति एवं स्वामी विवेकानंद विवि के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य अतिथि की आसंदी से रोहिणी तिवारी दण्डाधिकारी सागर ने कहा कि विधि विवादित बच्चे तथा देख-रेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संस्थागत देख-रेख बाल संप्रेषण गृह के कार्य है। संप्रेषण गृह में आने वाली बाधाओं को रोकने के लिए इसे वर्ग में बांट दिया जाता है, इसके लिए वहां नियुक्त शिक्षक को उनके मानवीय गुणों का तथा जीवन मूल्या से अवगत कराना ही ध्येय होता है। वक्तव्य की अगली श्रृखंला में अध्यक्षता डॉ. प्रतिभा तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय स्त्रीशक्ति ने बाल सम्प्रेषण गृह में कौशल विकास प्रशिक्षण के शुभारंभ पर कहा कि प्रशिक्षण लेने के लिए किसी स्थान या उम्र की आवश्यकता नहीं पड़ती। कौशल विकसित करके हम ना केवल आत्मनिर्भर बनेगें अपितु आत्मशक्ति का भी विकास होगा। कौशल विकास के प्रशिक्षण से जीवन को नई दिशा मिलती है। विजय जैन बाल संप्रेषण गृह ने कहा कि मानव आलस और दरिद्रता के कारण कुशलता का विकास नहीं कर पाता और अन्त: उसे कष्ट उठाना पड़ता है। प्रयासो के माध्यम से कुशलता का विकास किया जा सकता है। आभार ज्ञापन वंदना तोमर सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सागर द्वारा किया गया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित थे शिविर में हड्डी रोग, हृदय रोग, पेट रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग के विषय विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में लगभग 500 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराकर नि:शुल्क दवा प्राप्त की। कार्यक्रम के आयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. दशरथ मालवीय ने विधायक शैलेंद्र जैन का स्वागत किया। कार्यक्रम को विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा सप्ताह मनाया जा रहा है इसी के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य सागर का आयोजन किया गया है जिसमें आज बड़ी संख्या में मरीजों में अपना पंजीयन कराकर इसका लाभ लिया। कार्यक्रम में जगन्नाथ गुरैया, रीतेश मिश्रा, मनीष चौबे, डॉ. राहुल जैन, डॉ. नीलेंद्र राजपूत, डॉ. आकाश जैन, डॉ. नीतेश अल्याणी, डॉ. मानसी जैन आदि उपस्थित थे।

### सत्य आचरण से आता है, बाहर से नहीं: मुनिश्री

**शाहगढ़, देशबन्धु।** जिनेंद्र देव की देशना आत्म कल्याण मय देशना है, पर्युषण राज पर्व पर उत्तम सत्य धर्म को समझने आज धर्मसभा में हम सभी बैठे हैं, यह बात मुनिश्री विरंजन सागर ने बड़ा मंदिर परिसर में कही, मुनिश्री ने कहा कि जब चारों कशायों का दमन होगा तभी सत्य धर्म आएगा, आज मुनिराजों का दिन है सत्य सातवें गुणस्थान में आता है। आज का धर्म हमें यही सिखलाता है कि सत्य सत्य है कि संसार का प्रथम सत्य जिनेद्र भगवान के वचन और यह अकृतिम सत्य है। संसार में सत्य ही प्रमाण होता है, परंतु लोग सत्य को कड़वा बोलते हैं और मीठा को मीठा बोलते हैं जबकि मीठा कड़वा होता है। सत्य स्वयं ही खोज है, सत्य कठिन नहीं है सत्य तो सत्य है, व्यक्ति तीन स्थिति में झूठ बोलता है पहला राजनीति में सत्ता पाने के लिए, दूसरा किसी से संबंध बनाने के लिए तो तीसरा संपत्ति प्राप्त करने के लिए व्यक्ति झूठ का सहारा लेता है। वर्तमान में पग पग पर असत्य चल रहा है इसलिए संसार का कारण बंध का कारण हो रहा है, ऐसी वाणी मत बोलिए किसी में कड़वापन लाए, नींबू को जिस प्रकार कटना पड़ता है वैसे ही चीनी की मिठास लोगों को जोड़ती है सत्य वचन ही की वजह से ही सारी दुनिया मुनिराजों को पूज रही है और नतमस्तक हो रही है सत्य को अपनाने का प्रयास करें सत्य धर्म को धारण करने का प्रयास करें।



**निर्वाण महोत्सव पर चढ़ाया गया लाडू**

पावन भूमि सम्मेद शिखर तीर्थ की सुप्रभ कूट से मोक्ष गए नवमें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत के निर्वाण प्राप्त करने पर नगर पंचायती जिनालय सहित मुनिश्री के सानिध्य में तत्वार्थ सूत्र महामंडल विधान परिसर में पूजन अभिषेक शांति धारा निर्वाण कांड उपरांत बड़े ही धूमधाम से सभी के घरों से बनाएं गए लाडू को सामूहिक रूप बड़े ही उत्साह से अर्पित करके प्रभू के जैसा बनने की भावना रखी। मीडिया प्रभारी प्रकाश जैन द्वारा बताया गया कि रात्रि में आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में देवनंदी कालोनी स्थित महिला मंडल द्वारा शिक्षा प्रद गजमोती नाटिका का मंचन किया जिसे सभी दर्शकों ने खूब सराहा।

## राधा अष्टमी श्री कृष्ण की भक्ति प्राप्त करने मनाते है: हृषिकेश गोस्वामी



**सागर, देशबन्धु।** श्री देव राधारमण शारदा माई मंदिर राजघाट में प्रथम बार श्रीश्री राधा अष्टमी महोत्सव का आयोजन हृषिकेश गोस्वामी के पावन सान्निध्य में किया गया। जिसमें आस पास के सैकड़ों भक्तों ने इस महोत्सव का लाभ लिया। प्रात: काल 9 बजे श्री राधारानी का सामूहिक पंचामृत अभिषेक किया गया तत्पश्चात् महराज श्री के द्वारा राधा अष्टमी महोत्सव के विषय में सत्संग किया गया महराज श्री ने बताया कि राधा कृष्ण तत्व अप्राकृतिक तत्व है। इन्हे इस प्राकृतिक शरीर से जान पाना असम्भव है। यदि राधा तत्व को समझना है तो इनके नाम का आश्रय ग्रहण करना होगा। जब तक जीव सर्वस्व समर्पण के भाव से अपने आपको राधा रानी के चरणों में समर्पित नहीं करता तब तक इस राधा तत्व से विहीन रहता है, जो समर्पण कर देता है तो यही राधारानी कृपा करके अपने स्वरूप का ज्ञान प्रदान कर देती है। भगवान श्री कृष्ण राधारानी के वशीभूत रहते है यदि कृष्ण कृपा को कोई प्राप्त करना चाहता है तो उस व्यक्ति को राधा नाम का आश्रय ग्रहण करना पड़ेगा। सत्संग के बाद शोभायात्रा का आयोजन हुआ एवं सभी भक्तो ने भगवान के महाप्रसाद को ग्रहण किया। मधुसूदन दास ने बताया कि पूज्य गुरुदेव भगवान के द्वारा जो भी संकल्प किया जाता है, उस संकल्प को स्वयं ठाकुर जी ही पूर्ण करते हैं। इस वर्ष आश्रम में यह प्रथम वर्ष है। आगामी वर्षों में यह कार्यक्रम बृहद स्वरूप में गुरुदेव की कृपा से आयोजित होगा।

# भाजपा के सात पार्षद लगातार दूसरे दिन भी अपनी ही परिषद के विरोध में बैठे रहे धरना स्थल पर



**देवरी कलां, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद में हो रहे लगातार भाजपा के सात पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार एवं अनदेखी के चलते देवरी नगर पालिका परिषद के सात पार्षदों को आखिरकार अपनी परिषद के खिलाफ धरना स्थल पर बैठना पड़ा जबकि पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार है, अपनी ही पार्टी और अपनी परिषद के खिलाफ देवरी नगर पालिका के साथ पार्षदों को लगातार धरना स्थल पर निम्न मांगों को लेकर बैठना पड़ रहा है तो आम नागरिक का क्या होगा। धरना स्थल पर देवरी तहसीलदार प्रीति चौरसिया एवं देवरी नगर पालिका परिषद की प्रभारी सीएमओ ज्योति सुनेहरे धरना स्थल पर बैठे सात पार्षदों के बीच पहुंची और पार्षदों से धरना प्रदर्शन खत्म करने का आग्रह किया प्रशासनिक अधिकारियों ने, अनशन पर बैठे सात पार्षदों की मांगों को पूरा नहीं किया और ना ही लिखित में कोई आश्वासन देने को तैयार हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए अनशन पर बैठे पार्षदों द्वारा तहसीलदार एवं नगर पालिका सीएमओ के द्वारा दिए जा रहे आश्वासन को नकारा और अनशन लगातार जारी रखा, पार्षदों की यह मांग है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक लगातार अनशन जारी रहेगा।